RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 40 डिग्री
न्युनतम तापमान 28 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 39 डिग्री
न्युनतम तापमान 27 डिग्री

मंगलवार 13 मई 2025
सुर्योदय प्रात: 05:32 बजे
सूर्यास्त सांय 19:04 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 फिर भी बाज नहीं आया पाकिस्तान

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक: 207 | गाजियाबाद, मंगलवार 13 मई 2025 | मूल्य: ₹ 2 | पेज: 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946







## लोगों की भावना का प्रतिबिंब है आपरेशन सिंदूर : मोदी

### पीएम मोदी ने देश की मां, बहनों, बेटियों को समर्पित किया सेना का पराक्रम

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि बीते कुछ दिनों में देश का शौर्य और संयम देखने को मिला। उन्होंने यह पराक्रम देश की माताओं, बहनों और बेटियों को समर्पित करते हुए सशस्त्र बलों को सलाम किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, "पिछले कुछ दिनों में हम सभी ने अपने देश की शक्ति और संयम दोनों को देखा है। मैं हर भारतीय की ओर से भारत की वीर सेनाओं, हमारे सुरक्षा बलों, हमारी खुफिया एजेंसियों, हमारे वैज्ञानिकों को नमन करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया है। मैं उनकी वीरता, उनके साहस, उनके पराक्रम को आज हमारे देश की हर माता, बहन और बेटी को समर्पित करता हूं।"



पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने जो बर्बरता दिखाई, उसने देश को झकझोर दिया। छुट्टियां मना रहे लोगों को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर, उनके परिवार के सामने बेरहमी से मौत के घाट उतारा। इस घटना के बाद हमने आतंकियों को मिट्टी में मिलाने के लिए सेना को पूरी छूट दी।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को खत्म करने के लिए हमने भारतीय सशस्त्र बलों को पूर्ण अधिकार दिए हैं। आज हर आतंकवादी और आतंकी संगठन हमारी बेटियों और बहनों की गरिमा और गौरव को नुकसान पहुंचाने की कोशिश के परिणामों को समझता है। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक नाम नहीं है। यह देश की सामूहिक भावनाओं और लचीलेपन का एक शक्तिशाली प्रतीक है।"

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए हमारे बहादुर सैनिकों ने अद्वितीय साहस का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा किए गए इन हमलों में सौ से अधिक खूंखार आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया। पिछले ढाई-तीन दशकों से पाकिश्तान में खुलेआम भारत के खिलाफ साजिश रच रहे कई आतंकी मास्टरमाइंडों को भारत ने एक ही हमले में ढेर कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि भारत की कार्रवाई से पाकिश्तान गहरी निराशा और हताशा में डूब गया। वह बौखला गया और इसी घबराहट में उसने एक और दुस्साहस करने की हिम्मत की। आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई का समर्थन करने की बजाय पाकिश्तान ने भारत को ही निशाना बनाना शुरू कर दिया।

पाकिश्तान ने हमारे स्कूलों, कॉलेजों, गुरुद्वारों, मंदिरों और आम नागरिकों के घरों को निशाना बनाया। उसने हमारे सैन्य प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया। लेकिन इसमें भी पाकिश्तान की पोल खुल गई। दुनिया ने देखा कि कैसे पाकिश्तान के ड्रोन और मिसाइल भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गए।

## युद्ध संबंधी सभी निर्णय तीनों सेनाओं के हाथों में होते हैं : केसी त्यागी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारत-पाकिश्तान के बीच सीजफायर के बाद सोमवार को दोनों देशों की डीजीएमओ श्तर की बातचीत पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने कहा कि पीएम मोदी और भारत सरकार ने कई अवसरों पर इसका उल्लेख किया है कि युद्ध संबंधी सभी निर्णय तीनों सेनाओं के हाथों में होते हैं और आज की बैठक इसी संदर्भ में बुलाई गई है।

सीजफायर के बाद रविवार को भारतीय सेना की प्रेस वार्ता पर जेडीयू नेता ने कहा कि आज पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य को सेल्यूट कर रहा है। भारतीय सेना ने पाकिश्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को टारगेट किया और सावधानी बरतते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया।

कांग्रेस की ओर से पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की फोटो पोस्ट करने पर जेडीयू नेता ने कहा कि 1971 के युद्ध में हम लोग पाकिश्तान के दो टुकड़े करने में कामयाब हुए थे। कांग्रेस पर भाजपा की ओर से राजनीति करने के आरोप पर जेडीयू नेता ने कहा कि इस समय इस तरह के सवालों को उठाने का सही समय नहीं है। युद्ध से पहले ऑल पार्टी मीटिंग हुई थी। अगर जरूरत होगी तो सरकार फिर से विपक्ष को विश्वास में लेकर बैठक करेगी।

बता दें कि भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एंट्री से विपक्षी दलों ने ऐतराज जताया है। विपक्षी दलों का मानना है कि यह दो देशों की बात थी।

## भारत-पाकिस्तान के डीजीएमओ ने की हॉट लाइन पर बात

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारत और पाकिश्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (डीजीएमओ) के बीच सोमवार को हॉटलाइन पर बात हुई। सेना ने सोमवार शाम हुई इस बातचीत की पुष्टि की है। दोनों ओर से गोलीबारी और हवाई हमले बंद होने के बाद हुई यह बातचीत काफी अहम मानी जा रही है।

'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की सफल जवाबी कार्रवाई से पाकिश्तान के हौसले पश्त हो गए थे। इस लड़ाई में बुरी तरह पिछड़ने के बाद पाकिश्तान ने भारत के समक्ष 10 मई को संघर्ष विराम का प्रश्ताव रखा था, जिसे भारत ने अपनी शर्तों पर स्वीकार कर लिया।

इसी विषय पर भारत और पाकिश्तान के डीजीएमओ ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण चर्चा की। इसमें नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम को लेकर चर्चा की गई। भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई पाकिश्तान के साथ सैन्य श्तर की इस वार्ता में शामिल हुए। पाकिश्तान का प्रतिनिधित्व वहां के डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्लाह ने किया। पाकिश्तान ने कहा है कि अब वह इस टकराव को आगे नहीं बढ़ाएगा। पाकिश्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन न करने की भी बात कही है। नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए वर्ष 2021 में नए सिरे से हुए संघर्ष विराम समझौते पर भी भारत-पाकिश्तान के डीजीएमओ ने हश्ताक्षर किए थे।



नियंत्रण रेखा पर शांति बहाली और संबंधित मुद्दों पर दोनों देशों के डीजीएमओ हॉट-लाइन पर बात करते हैं। जानकारी के मुताबिक, चर्चा में गोलाबारी रोकने को लेकर बनी सहमति और मौजूदा परिस्थितियों की समीक्षा की गई। गत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिश्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी थी। इस आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पाकिश्तान और पाकिश्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी शिविरों को अपना निशाना बनाया, जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए।

सेना का कहना है कि उसने केवल आतंकवादी ठिकानों को अपना निशाना बनाया। सैन्य और नागरिक ठिकाने उनके निशाने पर नहीं थे, लेकिन पाकिश्तानी सेना ने आतंकवादियों का समर्थन करते हुए जवाबी हमला किया, जिसके बाद भारत ने पाकिश्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया।

इससे पहले, भारतीय सेना के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने नई दिल्ली में बताया कि भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिश्तान के सभी हमलों को नाकाम किया।

## रायपुर हादसा : राष्ट्रपति मुर्मू ने जताया दुख, केंद्र सरकार की आर्थिक मदद की घोषणा

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता देने की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "रायपुर, छत्तीसगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में बच्चों एवं महिलाओं सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।"

## प्रियंका ने संघर्ष में सैनिकों की शहादत पर जताया शोक

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में शहीद हुए जवानों पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का बयान सामने आया है। प्रियंका गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई और पाकिश्तान से सैन्य टकराव के दौरान हमारे कई जवानों की शहादत अत्यंत दुखद है। हमारी सेना के जांबाज सूबेदार पवन कुमार जी, सिपाही एम मुरली नाइक जी, लांस नायक दिनेश कुमार जी, बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज जी, सार्जेंट सुरेंद्र कुमार मोगा, राइफलमैन सुनील कुमार और राजौरी के पुलिस अधिकारी राज कुमार थापा जी ने देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसके अलावा, कई आम नागरिकों ने भी जान गंवाई है।' प्रियंका ने कहा, 'शोकाकुल परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है।

## हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है,चाहे वहां कुछ भी हो : एयर मार्शल भारती

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। वायु सेना के संचालन महानिदेशक एयर मार्शल ए के भारती ने भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिश्तान के किराना हिल्स में कथित तौर पर स्थित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने की अटकलों को खारिज कर दिया है। एयर मार्शल भारती ने सोमवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में यह बात कही। सोशल मीडिया पर चल रही इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर कि क्या भारत ने किराना हिल्स में उस जगह को निशाना बनाया है जहां परमाणु भंडारण सुविधा होने की बात कही जा रही थी, एयर मार्शल भारती ने कहा, " हमें यह बताने के लिए धन्यवाद कि किराना हिल्स में कुछ परमाणु प्रतिष्ठान हैं, और हमें इसके बारे में पता नहीं था। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है, चाहे वहां कुछ भी हो। " एयर मार्शल ने कहा, " हमारी लड़ाई आतंकवादियों और उनके ढांचे से थी। हालांकि, यह दुख की बात है कि पाकिश्तानी सेना ने हश्तक्षेप करने और आतंकवादियों का समर्थन करने का फैसला किया

## रायपुर में सड़क हादसे में 13 की मौत, 10 घायल

✷ वेबवार्ता. रायपुर ✷

छत्तीसगढ़ विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत सारागांव के पास रविवार रात सड़क हादसा हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 10 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बंगोली गांव के पास उस वक्त हुआ जब माजदा वाहन और ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतकों में 04 बच्चे और 09 महिलाएं शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग बाना गांव में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव आरंग के चटौद लौट रहे थे। माजदा वाहन में करीब 50 लोग सवार थे।

जब वाहन बंगोली गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि माजदा के परखच्चे उड़ गए और कई लोग वाहन में ही फंस गए।



अब तक हादसे में जान गंवाने वाले 13 लोगों की पहचान हो चुकी है। मृतकों के नाम टिकेश्वरी साहू (45), मनहोरा, धरसीवा कुमारी महिमा साहू (18), गोंदवारा एकलव्य साहू (6), मोहंदी, धरसीवा प्रभा साहू (34), मोहंदी, धरसीवा नंदिनी साहू (53), मोहंदी, धरसीवा उमंग साहू (5 माह), आनंदगांव, बेमेतरा वर्षा साहू (28), आनंदगांव, बेमेतरा गीता साहू (54), मोहंदी, धरसीवा राजवती साहू (60), नगपुरा मंदिर, हसौद कृति साहू (50), चटौद, विधानसभा थाना कुंती साहू (55), चटौद, विधानसभा थाना टिकेश्वर साहू (35), चटौद, विधानसभा थाना भूमि साहू (4) वर्ष के तौर पर हुयी है।

## सर्वदलीय बैठक में अब प्रधानमंत्री नहीं आये तो हम बहिष्कार करेंगे : कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम हमले के बाद दो बार सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है, लेकिन अब जब सर्वदलीय बैठक होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं आए तो कांग्रेस बैठक का बहिष्कार करेगी।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम मुद्दे पर पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में प्रधानमंत्री को मौजूद रहना चाहिए था, लेकिन यदि वह अगली बैठक में नहीं आए तो कांग्रेस बैठक का बहिष्कार करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह घोषणा कर दी है कि अगली सर्वदलीय बैठक में श्री मोदी नहीं आए तो हम बैठक में शामिल नहीं होंगे और बाहर आ जाएंगे और बैठक का बहिष्कार करेंगें।

श्री बघेल ने आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्रवाई की सफलता से संबंधित एक सवाल पर कहा कि यदि यह सफल रहा है तो सरकार को सर्वदलीय बैठक के साथ ही संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए और उसमें हमारे सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के बहुत सारे सवाल है श्री मोदी को प्रेस कांफ्रेंस, सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाकर इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

## 'अमेरिका ने लड़ाई खत्म न होने पर भारत, पाकिस्तान से व्यापार खत्म करने की बात की थी : ट्रम्प

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा कि अमेरिका ने भारत और पाकिश्तान के बीच का सैन्य टकराव खत्म कराने के लिये दोनों से कहा था कि संघर्ष न रुका तो अमेरिका दोनों से व्यापार करना बंद कर देगा।

ह्वाइट हाउस में श्री ट्रम्प ने एक संवाददाता सम्मेलन में भारत और पाकिश्तान के बीच शनिवार को हुई संघर्ष विराम की घोषणा के बारे में कहा, " हमने बहुत मदद की। हमने व्यापार से मदद की। हमने कहा कि हम आपके साथ बहुत सारा व्यापार करते हैं, इसे (लड़ाई) बंद करें। अगर आप रुकेंगे, तो हम व्यापार करेंगे, अगर नहीं रुकेंगे, तो हम व्यापार नहीं करेंगे।"

उन्होंने दावा किया, " व्यापार खत्म करने की बात आते ही वे (भारत और पाकिश्तान) तुरंत संघर्ष रोकने को तैयार हो गये। "

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा,



"शनिवार को, मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिश्तान के बीच पूर्ण और तत्काल युद्धविराम कराने में मदद की। मुझे लगता है कि यह स्थायी युद्धविराम है, जिससे बहुत सारे परमाणु हथियार वाले दो देशों के बीच एक खतरनाक संघर्ष समाप्त हो गया।"

उन्होंने कहा, " उन्होंने (भारत और पाकिश्तान ने) बहुत सारी वजहों से यह फैसला (संघर्ष विराम) किया। लेकिन व्यापार एक बड़ी वजह है। हम पाकिश्तान के साथ बहुत सारा व्यापार करते हैं। हम भारत के साथ भी बहुत सारा व्यापार करते हैं, हम भारत के साथ (व्यापार) वार्ता कर रहे हैं।

## 32 नागरिक हवाई अड्डों पर विमान संचालन शुरू

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

केंद्र सरकार ने हिंडन, श्रीनगर, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट और भुज समेत देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक विमान परिचालन के लिए फिर से खोल दिया है।

सरकार ने पाकिश्तान के साथ सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर इन हवाई अड्डों पर संचालन 15 मई 2025 को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक के लिए अस्थायी रूप बंद कर दिया था। अब इस पाबंदी को अब हटा लिया है। ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरलाइनों से सीधे उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइन की वेबसाइटों पर नजर रखें। गौरतलब है कि विमानन प्राधिकरणों ने 10 मई को उत्तरी और पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों को सभी तरह के नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की थी।

## पाकिस्तान की परमाणु धमकी से ब्लैकमेल नहीं होगा भारत, आतंकी ढांचों का करना होगा सफाया : मोदी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिश्तान स्थित आतंकवादियों के विरुद्ध सैन्य अभियान-ऑपरेशन सिन्दूर के बाद सोमवार को पहली बार देशवासियों को संबोधित करते हुए आज दो टूक शब्दों में कहा कि भारत पाकिश्तान से परमाणु हमले की धमकी से ब्लैकमेल नहीं होगा और यदि उसे बचना है तो आतंकवादी ढांचे का सफाया करना ही होगा।

प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी साफ तौर कहा कि भारत की नीति में अब आतंक के आकाओं और आतंकवाद की सरपश्त सरकार को अलग अलग नहीं देखा जाएगा तथा पाकिश्तान के साथ कोई भी बातचीत आतंकवाद और पाकिश्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के बारे में ही होगी।

श्री मोदी ने पाकिश्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति को लेकर स्पष्ट किया कि सैन्य कार्रवाई अभी केवल स्थगित की गयी है और पाकिश्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है, एक नया पैमाना, न्यू नॉर्मल तय कर दिया है।




उन्होंने यह भी कहा, "दुनिया ने, पाकिश्तान का वो घिनौना सच फिर देखा है, जब मारे गए आतंकियों को विदाई देने, पाकिश्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। 'स्टेट स्पॉन्सरड टेररिज्म' का ये बहुत बड़ा सबूत है।"

टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम संदेश में श्री मोदी ने कहा, "हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता, हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टैररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, ये एक बेहतर दुनिया की गारंटी है।"

प्रधानमंत्री ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने हमें शांति का राश्ता दिखाया है। पर शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। उन्होंने कहा, "मानवता, शांति और समृद्धि की तरफ बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सके, विकसित भारत के सपने को पूरा कर सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है, और आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इश्तेमाल भी जरूरी है। और पिछले कुछ दिनों में, भारत ने यही किया है।"

## ट्रम्प को लेकर खामोशी की वजह बताएं मोदी : कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर खामोश रहे जिससे सवाल खड़े होते हैं कि क्या श्री मोदी अमेरिका के इशारे पर काम रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने सोमवार देर शाम श्री मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा,"प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम बहुत विलंब से दिया गया संबोधन राष्ट्रपति ट्रम्प के कुछ मिनट पहले किए गए खुलासों से पूरी तरह फीका पड़ गया। प्रधानमंत्री इस पर पूरी तरह चुप रहे। क्या भारत अमेरिका की मध्यस्थता के लिए सहमत हो गया है।

क्या भारत पाकिश्तान के साथ बातचीत के लिए 'तटस्थ स्थल' पर सहमत हो गया है या भारत अब ऑटो, कृषि और अन्य क्षेत्रों में भारतीय बाजार खोलने की अमेरिकी मांगों के आगे झुक जाएगा।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को तुरंत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करनी चाहिए। इस बैठक की मांग को वह पिछले 20 दिनों से जानबूझकर टालते आ रहे हैं।

## अवैध मिट्टी खनन से भरी ट्रेक्टर ट्रालियो को पकड़ने की हिम्मत नहीं रखते राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के कर्मचारी

✷ एनसीआर टुडे. धामपुर ✷

भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से मिट्टी खनन की परमीशन जिस स्थान की दी जाती है उसी



स्थान से मिट्टी खनन ठेकेदारों द्वारा ट्रेक्टर ट्रालियो से किया जाना सुनिश्चित होता है। लेकिन धरातल पर देखा जाए तो मिट्टी खनन की परमीशन कही की और मिट्टी खनन ठेकेदारों द्वारा ट्रेक्टर ट्रालियो से दूसरे स्थान से किया जाने का सूत्रों ने आरोप लगाया।

बिना परमिशन और परमिशन के नाम पर मिट्टी खनन ठेकेदारों द्वारा ट्रेक्टर ट्रालियो से मिट्टी खनन दबंगई से हो रहा है। सूत्रों की माने तो राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की हिम्मत नहीं होती कुछ ट्रेक्टर ट्रालियो के चालकों से ये मालूम करने की हिम्मत नहीं है कि ये मिट्टी खनन में ट्रेक्टर ट्रालियां किस ठेकेदार की चल रही है। सूत्रों का यह भी आरोप है कि धामपुर थाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक ट्रेक्टर ट्रालियो द्वारा मिट्टी खनन का कार्य जोरों पर हों रहा है।

## उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट द्वारा पत्रकारों की मासिक बैठक का आयोजन

✷ एनसीआर टुडे. अफजलगढ़ ✷

गुरु नानक रेस्टोरेंट पर एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ़ जर्नलिस्ट के तत्वावधान में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण



मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया और पत्रकारिता से जुड़े मुद्दों पर विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान एसोसिएशन से जुड़े सभी पत्रकारों को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट आईडी कार्ड वितरित किए गए। यह पहल पत्रकारों की पहचान और संस्थागत सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा जाती है। बैठक में वक्ताओं ने निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल देते हुए पत्रकारों की सुरक्षा, स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही, युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन देने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों के आयोजन की घोषणा की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष इशरत अली, तहसील अध्यक्ष शेख मोहम्मद यूसुफ, कोषाध्यक्ष मास्टर गोपाल सिंह, महासचिव पूर्व अध्यक्ष अजमल हसन एवं वरिष्ठ सदस्य जिला कमेटी डॉक्टर जीशान, अनवर, मुशर्रफ अली, मीडिया प्रभारी डॉ विमल गुप्ता, तहसील उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम, उपाध्यक्ष अमानत हुसैन, सचिव अनीश अहमद, मीडिया प्रभारी अर्जुन चौहान, महासचिव कमरुद्दीन, कार्यालय प्रभारी कोमल कुमार, प्रचार सचिव एडवोकेट मुजम्मिल खान सुरी सलाहकार पर मौजूद रहे।

## झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक सील

✷ एनसीआर टुडे. हीमपुर दीपा ✷

गागू नंगला गांव में एक प्राइवेट चिकित्सक की दुकान को सील कर दिया गया, जिसके कारण झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा अचानक क्लीनिक पर पहुंचे। उस समय गांव निवासी डॉ. शादाब रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाई दे रहे थे। निरीक्षण के दौरान वह कोई चिकित्सा प्रमाण नहीं दिखा सके।

## नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

रिश्तेदारी से लौट रहे दंपती की बाइक में नील गाय ने टक्कर मार दी। घटना में दंपती व बच्ची घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव पावटी निवासी सुखवीर पुत्र सुमेर उम्र 36 वर्ष अपनी पत्नी कविता उम्र 35 वर्ष तथा पुत्री आरवी उम्र 2 वर्ष को लेकर किरतपुर क्षेत्र के गांव पाडला में अपनी रिश्तेदारी में गया था।

# 19 दिन बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर लौटी शांति, अब भी घर लौटने से डर रहे लोग

**कश्मीर, एजेंसी।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार दोनों देशों की सीमा और सीमा से सटे इलाकों में शांति दिखाई दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को ही सीजफायर डील हो गई थी। हालांकि कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान ने फिर सीजफायर का उल्लंघन किया। भारत ने जब उसे कड़े शब्दों में चेतावनी दी तो पाकिस्तान जाकर शांत हुआ। पहलगाम हमले के बाद जैसे ही भारत ने सिंधु जल संधि निलंबित करने का ऐलान किया था, पाकिस्तीन की तरफ से सीजफायर उल्लंघन शुरू हो गया है था। ऐसे में 19 दिन बाद सीमा पर पूर रात शांति रही है। इसके बावजूद लोग अपने घरों को लौटने से कतरा रहे हैं।

कश्मीर के उरी में सीमा से सटे गांवों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों भेज दिया गया था। रविवार को जब वे अपने घरों को लौटने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बताया गया कि उनके गांवों के पास अभी धमाके का खतरा है। कई गोला-बारूद अब भी सक्रिय हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि आधिकारित तौर पर जब तक हरी झंडी नहीं दी जाती लोग अपने घरों को ना लौटें। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर डील के बाद आज डीजीएमओ स्तर की वार्ता होनी है। वहीं सेना का कहना है कि बीती रात सीमा पर किसी तरह की गोलीबारी की गतिविधि नहीं देखी गई। अखनूर, राजौरी, पुंछ, उरी, श्रीनगर और जम्मू में भी इलाके में शांति रही और सामान्य जन-जीवन लौटता हुआ दिकाई दिया। पंजा के अमृतसर में भी शांति रही। इसके अलावा राजस्थान और गुजरात में भी पूरी रात शांति रही। बता दें कि पाकिस्तान की तरफ से दागी गई कई मिसाइलें और ड्रोन तबाह होने के बाद पंजाब, गुजरात और राजस्तान के गांवों में गिरे थे। वहीं सेना का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। इसके मायने यही निकाले जा रहे हैं कि अगर पाकिस्तान किसी भी तरह की नापाक हरकत करता है तो तुरंत आक्रामक स्तर पर उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।




## नया भारत आतंकवादियों को खोजकर खत्म कर देगा, चाहे वे कहीं भी छिपे हों: असम के मुख्यमंत्री

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दिखा दिया है कि 'नया भारत' आतंकवादियों को खोजकर उन्हें मार गिराएगा। शर्मा ने ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों का सफाया करने तथा पाकिस्तान में महत्वपूर्ण सैन्य एवं आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की।



मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि वह दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता को परिपक्वता से नेतृत्व दे रहे हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे भारत की वैश्विक ताकत के रूप में उभरती भूमिका के बारे में जनता को जागरूक करें। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुछ देर पहले हमारे डीजीएमओ द्वारा दी गई शानदार जानकारी को सुनने के बाद हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारी वीर सेना के असाधारण नेतृत्व के प्रति आभारी हैं। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में 100 से अधिक पाकिस्तानी आतंकवादियों को खत्म किया है और दुश्मन के महत्वपूर्ण सैन्य और आतंकी ढांचे को नुकसान पहुंचाया है। यह अब निर्विवाद सबूतों के साथ सामने है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह एक मजबूत संदेश है कि नया भारत आतंकवादियों को जमीन, हवा या समुद्रकहीं भी छिपे हों, ढूंढ़कर खत्म करेगा।

## बरसात से पहले करा लें विकास परियोजनाओं का ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्य: मुख्यमंत्री

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बारिश से पहले सभी प्रमुख सरकारी निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं का ज्यादा से ज्यादा काम मुकम्मल कर लेने की हिदायत दी। राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री रविवार शाम गोरखनाथ मंदिर के सभा कक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।



इस दौरान उन्होंने जिले में निर्माणाधीन सभी प्रमुख विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि हर परियोजना की उस विभाग स्तर पर और उसके बाद वरिष्ठ प्रशासनिक स्तर पर 15 दिन की अवधि में पर्यवेक्षण और समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर विकास परियोजना की एक समयसीमा तय होती है और उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

आदित्यनाथ ने कहा कि यह व्यावहारिक रूप से समझना होगा कि बरसात का मौसम शुरू होने पर खुले में होने वाला निर्माण कार्य प्रभावित होता है, इसलिए विकास की जितनी भी परियोजनाओं पर काम चल रहा है उनसे संबंधित ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्य बरसात से पहले पूरे कर लिए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी माह के दूसरे पखवाड़े में बरसात का समय शुरू हो सकता है तथा ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाए।

उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी अच्छा काम हुआ है और इसे लगातार उत्कृष्टता की ओर ले जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा करने का निर्देश दिया और कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना पर गंभीरता से ध्यान देकर इसे जल्द पूर्ण कराने का प्रयास होना चाहिए।

## महाराष्ट्र के ठाणे में मादक द्रव्य रखने का आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में कोडीन पाउडर (नशीला पदार्थ) रखने के आरोप में राजस्थान के 48 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से जब्त प्रतिबंधित सामग्री की बाजार में कीमत दो करोड़ रुपये है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर, मादक पदार्थ निरोधक प्रकोष्ठ के एक दल ने नौ मई को ठाणे रेलवे स्टेशन के पास एक होटल पर छापा मारा और आरोपी सुरेश परमार को गिरफ्तार कर लिया जो दवाइयों की बिक्री करने वाले चिकित्सा प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि टीम को परमार के पास से एक किलोग्राम से अधिक कोडीन पाउडर मिला जो जोधपुर से कूरियर सेवा के माध्यम से उसके पास पहुंचा था। उन्होंने बताया कि जब्त प्रतिबंधित सामग्री की कीमत दो करोड़ रुपये है। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है और यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि प्रतिबंधित पदार्थ कहां से लाया गया था और इसे किसे बेचा जाना था।

## घास के ढेर में छुपाई अफीम बरामद! चित्तौड़गढ़ में सीबीएन की बड़ी कार्रवाई

**कोटा, एजेंसी।** राजस्थान में नशे के खिलाफ केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। चित्तौड़गढ़ जिले के उदपुरा गांव में एक बाड़े से 4.850 किलोग्राम अवैध अफीम जब्त की गई है। वहीं रेलवे स्टेशन रोड क्षेत्र में एक व्यक्ति से 0.188 किलोग्राम अवैध मेफेड्रोन (एम.डी) ड्रग बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया है। सीबीएन कोटा के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई 10 मई को मिली दो अलग-अलग गुप्त सूचनाओं के आधार पर की गई। पहली सूचना पर उदपुरा गांव स्थित एक खुले बाड़े पर छापा मारकर, घास के ढेर में छिपाई गई अफीम बरामद की गई। दूसरी कार्रवाई रेलवे स्टेशन रोड स्थित होटल जमजम के पास की गई, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी लेने पर मेफेड्रोन ड्रग मिली। दोनों मामलों में एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत बरामद मादक पदार्थों को जब्त कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और आगे की जांच भी की जा रही है। सीबीएन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी कोई जानकारी हो, तो वह सीबीएन के नियंत्रण कक्ष (0744-2438928), व्हाट्सएप नंबर (8764748232) या ईमेल के माध्यम से सूचना साझा कर सकता है। ब्यूरो ने यह भी आश्वासन दिया है कि जानकारी देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।



## नेपाल सीमा से सटे जिलों में 350 से अधिक 'अवैध धार्मिक स्थलों' पर हुई कार्रवाई

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने नेपाल सीमा से सटे जिलों में सरकारी व निजी भूमि पर 'अवैध' धार्मिक स्थलों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू करते हुए पिछले कुछ दिनों में सैकड़ों मदरसों, मस्जिदों, मजारों और ईदगाह को चिह्नित कर उन्हें सील करने और ढहाने की कार्रवाई की है। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवैध कब्जों और बिना मान्यता के संचालित किये जा रहे धार्मिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई रविवार को भी जारी रही।



बयान के अनुसार, प्रदेश के पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महराजगंज जिलों में प्रशासन द्वारा अवैध धार्मिक स्थलों को चिह्नित कर उन पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी का साफ निर्देश है कि किसी भी धर्म के नाम पर भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

बयान के मुताबिक, श्रावस्ती में 10 व 11 मई को सार्वजनिक और निजी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित 104 मदरसों, एक मस्जिद, पांच मजारों और दो ईदगाहों को चिह्नित किया गया। इन सभी को नोटिस देने के साथ ही सील कर दिया गया। बयान में बताया गया कि इसके अलावा सार्वजनिक भूमि पर स्थित एक अवैध मदरसे को ढहा दिया गया जबकि निजी भूमि पर बने दो गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को सील कर दिया गया। बयान के अनुसार, बहराइच, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर और पीलीभीत में अब तक सार्वजनिक भूमि पर बनी अवैध मस्जिदों को चिह्नित कर नोटिस जारी किया गया है। बयान में बताया गया कि नेपाल सीमा से सटे जिलों में 350 से अधिक 'अवैध धार्मिक स्थलों' पर कार्रवाई की गयी है।

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में कभी नक्सलवाद के चलते बंद हुए थे स्कूल, अब बह रही शिक्षा की बयार

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में गले की फांस बन चुका नक्सलवाद अपने अंत की ओर है। केंद्र सरकार 2026 के मार्च अंत तक नक्सलवाद के खात्मे का टार्गेट लेकर चल रही है। इससे बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है या तो उन्हें मार गिराया गया है। छत्तीसगढ़ का बीजापुर भी एक वक्त पर नक्सलवाद से जूझ रहा था। नक्सलियों के आतंक के चलते यहां के स्कूल तक बंद हो गए थे। अब केंद्र और राज्य सरकार की पहल के बाद यहां बीते 4-5 सालों से स्कूली शिक्षा बेहतर हुई है और बड़ी मात्रा में स्कूल फिर शुरू हुए हैं। आइए नजर डालते हैं इस विशेष रिपोर्ट पर-

बीजापुर जिले में जहां कभी नक्सली आतंक के कारण स्कूल बंद हो गए थे,अब युवा छात्रों से भरे शैक्षणिक संस्थान फल-फूल रहे हैं। बीजापुर जिले की चौथी कक्षा के एक छात्र ने कहा,पहले यहां स्कूल नहीं था। जब स्कूल नहीं होता था तो हम काम करते



थे। यहां आकर अच्छा लगता है। मैं बड़ा होकर शिक्षक बनना चाहता हूं। बीजापुर जिले के एक शिक्षक महेंद्र कुमार ने कहा कि स्कूल को शुरू हुए 4 साल हो गए हैं। 2005-2006 में,यहां के स्कूल और आश्रम नक्सलियों द्वारा नष्ट कर दिए गए थे। मेरे स्कूल में 67 बच्चे हैं। इन बच्चों को पहले कोई शिक्षा नहीं मिल रही थी।

बीजापुर के कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में हमारे जिले में 250 से अधिक स्कूल फिर से खोले गए हैं,जो पहले चल रहे थे। हम बुनियादी ढांचे को बेहतर बना रहे हैं। पहले स्कूल झोपड़ियों में हुआ करते थे,लेकिन अब अधिकांश स्कूलों के लिए स्थायी भवन स्वीकृत किए गए हैं। जैसे-जैसे गांवों के अंदर स्कूल खुल रहे हैं,हम शेष कुछ बच्चों को भी आवासीय सुविधाओं,जैसे छात्रावासों में रहकर अपने घरों से अपने गांवों के स्कूलों में पढ़ने के लिए लाने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे-जैसे सुरक्षा शिविर खुल रहे हैं,क्षेत्र की पहुंच बढ़ रही है और कई तरह से शिक्षा तक पहुंच भी बढ़ रही है। हम हर घर में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों का सर्वेक्षण कर रहे हैं। पहचान के बाद,हम पता लगाएंगे कि क्यों और अधिक से अधिक बच्चों को वापस स्कूल लाने की कोशिश करेंगे। एपीसी मोहम्मद जाकिर खान ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक पहुंचे। इन प्रयासों के तहत,50 स्कूल फिर से खोले गए हैं और लगभग 8,000 बच्चे शिक्षा से फिर से जुड़ गए हैं। जिला प्रशासन छात्रों को किताबें और मध्याह्न भोजन जैसी सुविधाएँ प्रदान कर रहा है। ग्रामीणों ने भी स्कूल खोलने में सहयोग करना शुरू कर दिया है। नक्सली हिंसा के दौरान कई स्कूल तोड़ दिए गए थेलेकिन इन्हें तभी फिर से बनाया जा सका जब ग्रामीणों ने मदद की।

## डेबिट कार्ड बदलकर खाते से 40 हजार रुपये निकाले

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गोविन्दपुरी कॉलोनी में एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदलकर खाते से 40 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ति ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। गोविन्दपुरी की छोटी मार्केट निवासी लवनेश रुहेला ने बताया कि गत 9 मई की रात को गोविन्दपुरी कॉलोनी में एटीएम से रुपये निकाले के लिए गए थे। जब 25 हजार रुपये निकाल लिए तो इसी बीच दो युवक आए और उन्होंने अपनी बातों में उलझा दिया। जब वह घर पहुंचे तो मोबाइल पर खाते से 40 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। उन्होंने अपना कार्ड देखा तो वह बदला हुआ था।

## एआई से अश्लील फोटो बनाकर वायरल किए

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। खोड़ा थानाक्षेत्र निवासी युवती के एआई से अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पांच युवकों पर आरोप लगाते हुए 10 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई है। खोड़ा निवासी युवती ने बताया कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक फोटो में उसका चेहरा लगा था। फोटो अश्लील था, जिस पर अभद्र टिप्पणी लिखी थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आकाश, राहुल, हिमांशु, मनीष और विकास अपने सोशल मीडिया अकांउट से फोटो डाल रहे हैं। आरोप है कि पांचों उसे ब्लैकमेल भी कर रहे हैं। कई बार कहने पर भी आरोपियों ने फोटो डिलीट नहीं किए। जेपीए अभिषेक श्रीवाश्तव ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।

## स्कूटी सवार बदमाशों ने महिला से मंगलसूत्र छीना

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में स्कूटी सवार बदमाशों ने महिला ने महिला से मंगलसूत्र छीन लिया। घटना सात मई की है, जिसमें 10 मई को शिकायत देने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गरिमा गार्डन में रहने वाले मनोज कुमार ने पुलिस दी गई शिकायत में बताया कि पत्नी दीपिका सात मई को बेटी का दाखिला कराने के लिए एक निजी स्कूल गई थीं। वहां से लौटते समय वजीराबाद रोड तिराहा पहुंचीं तो पीछे से सफेद रंग की स्कूटी सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर पत्नी से मंगलसूत्र छीन लिया। वह शाम को लौटे तो पत्नी ने घटना के बारे में जानकारी दी।

## पत्नी को घर से निकालकर दूसरी शादी करने का आरोप

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। खोड़ा थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। उन्हें मारपीट कर घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह अकेली रह रही हैं। 10 मई को केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बुलंदशहर की मूलनिवासी राजकुमारी की शादी पांच साल पहले टीटू से हुई थी। दोनों का एक बेटा भी है। राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि पति व ससुर समेत अन्य ससुराली शुरुआत से ही उन्हे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। कुछ दिन पहले ससुरालियों ने मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया। वह अपने बेटे से भी नहीं मिल पा रही हैं। आरोप है कि बीते दिनों पति ने दूसरी महिला से शादी कर ली। जेपीए इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूटी में टक्कर मारकर युवक को पीटा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। खोड़ा थानाक्षेत्र में घर के बाहर स्कूटी पर बेटे के साथ बैठे युवक को कार सवार ने टक्कर मार दी। विरोध पर उन्हें बुरी तरह पीटा। घटना चार मई को देर रात 11 बजे की है, जिसमें जांच के बाद 10 मई को रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित सीलेंद्र का कहना है कि वह रात में खाना खाकर अपने घर के बाहर स्कूटी पर बेटे संग बैठे थे। तभी स्विफ्ट कार से आए प्रिंस नागर ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने विरोध करते हुए गली में धीरे और देखकर कार चलाने को कहा तो प्रिंस ने उनसे मारपीट की। साथ में उसके परिजन अजब सिंह, आजाद सिंह समेत तीन लोग भी आए और बुरी तरह पीटकर भाग गए। उन्होंने तुरंत शिकायत की थी और घटना का वीडियो भी पुलिस को दिया था। बावजूद इसके छह दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता केस दर्ज

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मुरादनगर की न्यू डिफेंस कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। नगर की न्यू डिफेंस कॉलोनी निवासी सविता पुनिया ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। बताया कि शनिवार शाम 17 वर्षीय पुत्र अखिल किसी बात पर नाराज होकर घर से चला गया। काफी तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिला है।

## बदमाश को चोरी के वाहन के साथ दबोचा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी बार्डर थाना पुलिस ने रविवार को जांच के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से दो सप्ताह पहले चुराए गए ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद हुए। लोनी बार्डर की राजनगर कालोनी निवासी राजकुमार की बेहटा नहर रोड पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। उन्होंने 27 अप्रैल को दुकान पर काम करने वाले अवनीश भगेल निवासी गांव डहरपुर कलां जिला बदायूं के खिलाफ ट्रैक्टर ट्राली चुराकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रविवार शाम जांच के दौरान लोनी डिपो के पास से आरोपी को वाहन समेत गिरफ्तार किया है। जेपीए अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि आरोपी ने दुकानदार द्वारा काम के पैसे न दिए जाने पर वाहन चोरी करना स्वीकार किया है।

## पैसे के लेनदेन के विवाद, युवक को पीटा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव सुराना में पैसे के लेनदेन को लेकर दबंगों ने एक युवक को जमकर पीट दिया। गंभीर हालत में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# मानसिक प्रताड़ना और हमले के आरोप में चार पर केस

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

डीएमई के रसूलपुर सिकरोड़ा टोल प्लाजा पर फास्टैग का काम करने वाले युवक के साथ दो भाइयों समेत चार लोगों ने मारपीट कर दी। विरोध जताने आए युवक के भाई पर भी हमला किया।

पुलिस आयुक्त से गुहार के बाद मसूरी पुलिस ने 19 दिन बाद केस दर्ज किया है। कल्लूगढ़ी डासना निवासी गुड्डू उर्फ रहीसुद्दीन का कहना है कि उनका 20 वर्षीय भाई नाजिम दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रसूलपुर सिकरोड़ा टोल प्लाजा पर फास्टैग का काम करता है।

गांव का ही राशिद, उसका भाई आमिर तथा दो अन्य अज्ञात व्यक्ति पिछले दो-तीन साल से उनके भाई नाजिम को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

इसी क्रम में 22 अप्रैल 2025 की दोपहर करीब डेढ़ बजे चारों लोगों ने उनके भाई के साथ मारपीट की। जानकारी लगने पर वह मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ भी मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने



की धमकी दी।

आरोपियों द्वारा की गई मारपीट की घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। गुड्डू का कहना है कि वर्ष 2023 में भी आरोपियों ने उनके भाई के साथ मारपीट की थी। घटना के संबंध में उनके भाई ने तत्काल डायल-12 पर सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

थक-हारकर उन्हें पुलिस अधिकारी से गुहार लगानी पड़ी, तब जाकर मसूरी पुलिस ने 11 मई को केस दर्ज किया। जेपीए मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि दो नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेनों में यात्रियों से लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

राजकीय रेलवे पुलिस ने ट्रेन में यात्रियों से लूट करने वाले दो बदमाशों को सोमवार को गिरफ्तार किया है। इनसे मोबाइल और चाकू बरामद किया है।

जीआरपी प्रभारी नवरत्न गौतम ने बताया कि इन दोनों गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा। इसी दौरान टीम को दो युवकों पर शक हुआ। टीम ने दोनों को पकड़कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक बदमाश के पास से चाकू बरामद हुआ। वहीं, दूसरे बदमाश के पास टीम को तीन मोबाइल मिले। पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ के दौरान अपने नाम शाहरुख और विशाल बताए। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि दोनों ही शातिर किस्म के बदमाश हैं। आरोपी ट्रेन में यात्रियों को चाकू दिखाकर उनके साथ लूटपाट करते थे। विशाल ट्रेन में भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों का मोबाइल चोरी कर लेता था।

## पिता-पुत्र पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

कौशांबी थानाक्षेत्र में रविवार रात सोसाइटी के गेट पर कार निकालने के विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। युवती ने चिकित्सक पिता-पुत्र पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कौशांबी थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती अपने पिता, मां, बहन व भाई के साथ पिता के दोश्त के यहां रात के खाने पर जा रही थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रविवार रात आठ बजे पिता कार लेकर गेट पर पहुंचे और हॉर्न देकर बाहर निकलने लगे। मगर एक कार अचानक सामने आकर खड़ी हो गई। इसमें डॉ. अरविंद कुमार गंगवार व उनका बेटा डॉ. रजत कुमार गंगवार बैठे थे। उनसे कार पीछे करने को कहा, लेकिन वे नहीं माने तो पीड़िता के पिता ने कार पीछे कर ली। आरोपियों ने गेट में अड़ाकर कार रोकी और बाहर निकलकर अभद्रता करने लगे। आरोप है कि रजत ने उनसे छेड़छाड़ की।

कनपटी पर थप्पड़ मारा और कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता की बाली व चश्मा भी गिर गया। आरोप है कि रजत की मां ने उन पर जातिसूचक टिप्पणी की।

उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो आरोपी ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए फरार हो गए।

# गाली देने के विरोध पर महिला दुकानदार को पीटा

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

सदरपुर गांव में रहने वाले अंकित का कहना है कि गांव में ही उनकी एक दुकान है, जिस पर उनकी पत्नी स्वाति बैठती है।

पांच मई की शाम करीब छह बजे मोहल्ले में ही रहने वाला प्रदीप दुकान के सामने खड़ा होकर गालियां देने लगा। पत्नी स्वाति ने मना किया तो वह उसके साथ मारपीट पर उतारू हो गया।

विरोध करने पर आरोपी जोर-जोर से चिल्लाने लगा और हिमायती को बुलाने की बात कहने लगा। इसके बाद आरोपी ने उनकी पत्नी के साथ दोबारा मारपीट की, जिसमें वह घायल हो गई। शोर-शराबा होने पर लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी धमकी देते हुए चला गया।

घटना के संबंध में अंकित ने 10 मई को मधुबन बापूधाम थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## युवक पर दस लोगों ने हमला किया केस दर्ज

**गाजियाबाद।** शास्त्रीनगर की बागवाली कॉलोनी में रहने वाले राजेश कुमार कहना है कि उनके घर के आसपास रहने वाले कुछ लोगों ने बिना वजह उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर आठ-दस लोग इकट्ठा हो गए, जिन्होंने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीड़ित ने भविष्य में आरोपियों द्वारा जानमाल के खतरे का अंदेशा जताते हुए 11 मई को कविनगर थाने में शिकायत दी।

जेपीए स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

ट्रेन से गिरकर उसकी चपेट में आकर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची नगीना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर ऑटोप्सी के लिए बिजनौर भेज दिया।मृतक के पास मिले प्रमाण से उसके परिजनों को घटना से अवगत करा दिया गया।मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्रान्तर्गत हसनअलीपुर भोगन के निकट रेलवे क्रासिंग से कुछ दूरी पर एक व्यक्ति चलती हुई ट्रेन से गिरकर उसकी चपेट में आने की ग्राम वासियों ने पुलिस को सूचना दी।

नगीना पुलिस ने तुरंत ही घटना स्थल पर पहुंच का घटना स्थल का मायना किया,ट्रैन से गिरने वाले व्यक्ति की ट्रैन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए मृतक के पास से मिले प्रमाण के आधार पर उसकी पहचान कमल (45 वर्ष) पुत्र सदराबहादुर निवासी देवपानीदडा थाना सफाकुंआ जनपद तिनसुकिया असम के रूप मे हुई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर ऑटोप्सी हेतु बिजनौर मोर्चरी भेज दिया, और उसके परिजनो को सूचित कर दिया गया।

# पुलिस में शिकायत करने पर महिला को पीटा

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

झगड़े की पुलिस में शिकायत करना ढ़बारसी गांव की महिला को भारी पड़ गया।

आरोपियों ने थाने से लौटी महिला पर लाठी-डंडों से हमला कर अधमरा कर दिया। मसूरी पुलिस का कहना है कि सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

ढ़बारसी गांव में रहने वाली फरजाना का कहना है कि पड़ोस में रहने वाले आस मोहम्मद पक्ष ने उनके साथ झगड़ा किया था। इस संबंध में उन्होंने नौ मई को पुलिस के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। आरोप है कि मसूरी पुलिस ने दस मई को उन्हें थाने



बुलाकर घटना की जानकारी ली थी तथा साथ ही आरोपियों को भी थाने बुलाया था लेकिन आस मोहम्मद पक्ष ने थाने आने से इनकार कर दिया। फरजाना का कहना है कि वह जैसे ही थाने से गांव पहुंचीं तो आस मोहम्मद, उसके बेटे जुबैर, पत्नी रिहाना, पिता हामिद, भाई शेरखान और आमिर तथा आमिर की पत्नी सोनी ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

हमले में वह बेसुध हो गईं। फरजाना के मुताबिक पुलिस में शिकायत करने का बदला लेने के लिए आरोपियों ने उनके साथ घटना को अंजाम दिया। शोर-शराबा होने पर आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी धमकी देते हुए चले गए।

घटना के संबंध में पीड़िता ने 11 मई को मसूरी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। जेपीए मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि शिकायत के आधार पर सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## शिया समुदाय ने दरगाह जोगीरम्पुरी तक रेल व रोडवेज बस चलाने की मांग की

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

नगीना तहसील के नगीना देहात क्षेत्र में ग्राम जोगीरम्पुरी स्थित दरगाह- ए -आलिया नफजे- ए -हिंद में हर वर्ष की तरह इस साल भी सालाना मजलिस का आयोजन किया जा रहा है जो 22 मई से शुरू होकर 25 मई 2025 तक चलेगा।

यहां होने वाली मजलिसों में भारी संख्या में उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेशों के अलावा विदेशों से जायरीन पहुंचते हैं। पूर्व सभासद ए एच सिद्दीकी एवं शिया समुदाय के सैयद सलीम, हैदर ,राहत, सलीम आदि लोगों ने मजलिसों में आने वाले जायरिनों की यात्रा सुविधा के लिए भारतीय रेल मंत्री से लखनऊ से नजीबाबाद तक स्पेशल ट्रेन चलवाने में तथा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री से लखनऊ से जोगीरामपुरी तक स्पेशल रोडवेज निगम की बसें चलाने की मांग की है, जिससे मजलिसों में आने वाले लोगों को यात्रा में कोई असुविधा न हो।

# उच्च आय सम्बर्धन हेतु बासमती धान की उन्नत प्रजातियों का चयन करें

✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर के वैज्ञानिक डा. के.के.सिंह ने किसानो को जानकारी देते हुए बताया वर्तमान समय में किसान भाई अपने गेहूं सरसों आदि फसलों से खाली हुए खेतों में खरीफ फसल लगाने की प्लानिंग कर रहे होंगे।

धान की खेती जनपद में लगभग 55000 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर की खेती की जाती है उसमें सबसे अधिक क्षेत्रफल बासमती धान उगाया जाता है। बासमती धान का उत्पादन करने से किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त होता है क्योंकि बासमती चावल की कीमत सामान्य चावल की कीमत की अपेक्षा 2 गुना तक ज्यादा होती है।

बासमती धान की खेती करते समय गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त करने के लिए बासमती धान की ऐसी प्रजातियों का चयन करना चाहिए जो प्रजातियां गुणवत्ता के साथ-साथ रोग रहित एवं उच्च उत्पादन देने की क्षमता रखती हैं। ऐसे में जनपद के किसान साथियों को बासमती की निम्न प्रजातियों पर विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**पूसा बासमती -1985**: इस प्रजाति की



फसल अवधि की बात करें तो यह प्रजाति 115-120 दिन में पककर तैयार हो जाती है। औसत उत्पादकता 52.0 कुंतल प्रति हेक्टेयर है। यह प्रजाति सीधी बुआई के लिए उपुक्त है। **पूसा बासमती 1847**: इस प्रजाति की फसल अवधि की बात की जाए तो यह 120 दिन के अंदर पककर तैयार हो जाती है। इस प्रजाति में बैक्टीरियल लीफ लाइट बीमारी का प्रकोप नहीं होता है। इस प्रजाति से एक हेक्टेयर में लगभग 57 कुंतल उपज प्राप्त की जा सकती है।

**पूसा बासमती 1692**: यह प्रजाति बासमती धान की प्रजातियां में सबसे कम अवधि की उच्च गुणवत्ता युक्त वाली प्रजाति है। यह प्रजाति 110 से 115 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इस प्रजाति से औसतन प्रति हेक्टेयर उत्पादन 53 कुंतल तक उपज प्राप्त की जा सकती है।

**पूसा बासमती 1885** : यह प्रजाति पूसा बासमती 1121 को सुधार करके बनाया गया है । इस प्रजाति की फसल अवधि लगभग 135 दिन है.। यह प्रजाति ब्लास्ट बीमारी के प्रति अवरोधी होती है। इस प्रजाति से औसत उत्पादन लगभग 48 कुंतल प्रति हेक्टेयर तक प्राप्त की जा सकती है।

**पूसा बासमती 1886**: यह प्रजाति पूसा बासमती 1401 को सुधार कर बनाया गया है। इसकी फसल अवधि 145 दिन है। यह प्रजाति ब्लास्ट रोग के प्रति अवरोधी होती है साथ ही साथ इस प्रजाति से 45 से लेकर 50 कुंतल तक हेक्टेयर तक औसत पैदावार ली जा सकती है।

इन प्रजातियों के अलावा अन्य बासमती की प्रजातियां पूसा बासमती-1, पूसा बासमती-1121, पूसा बासमती 1509, पूसा बासमती-1718 जैसी प्रजातियों का चयन करके बासमती से उच्च उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

## घर में लाखों की चोरी, दो लोगों पर केस कराया

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

मसूरी थानाक्षेत्र के रसूलपुर सिकरोड़ा गांव में चोरों ने बंद घर से लाखों रुपये जेवर और नगदी चोरी कर ली। पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर चोरी का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है।

रसूलपुर सिकरोड़ा गांव में रहने वाले बिलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मई को वह ससुराल गए थे। चार मई की सुबह पड़ोस में रहने वाले चाचा ने उन्हें फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही वह ससुराल से अपने घर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित ने बताया कि चेक करने पर पता चला कि चोर उनके घर से लाखों रुपये के जेवर के अलावा नगदी भी चोरी कर ले गए हैं।

बिलाल के मुताबिक खोजबीन करने पर पता चला कि गांव के ही चांद और समीर ने उनके घर में चोरी की है। इसके बाद बिलाल ने 11 मई को मसूरी थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

जनपद के थाना मंडावर क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर निवासी एक विवाहित युवक का शव रविवार सवेरे गांव के पास ही एक खेत में रस्सी से लटका मिला। शव की पहचान ग्राम शाहबाजपुर निवासी वरुण राजपूत पुत्र जयप्रकाश के रूप में हुई है मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

## महाबोधि बोद्दगया बोद्दो को सोपने की मांग की गई

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कस्बा हल्दौर के सन्तोष विहार आश्रम पर खीर व शर्बत वितरण किया गया। माननीय नितिश कुमार मुख्यमंत्री बिहार व माननीय



दामोदर दास नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री जी से बीटी एक्ट १९४९ रद्द कर महाबोधि बौद्ध विहार गया को बौद्धो को सौंपने की मांग की गई । इस अवसर पर अनीश अंसारी, दुष्यंत कुमार पुत्र प्रतापी चौहान जिला उपाध्यक्ष युवा भाजपा विजयपाल सिंह चौहान पूर्व जिलाध्यक्ष क्षत्रिय समाज , चौधरी बिजेंद्र सिंह ब्लाक प्रमुख हल्दौर चौधरी मोसम सदर विधायक आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम को मुन्नू ठेकेदार, नूतन सभासद मोहित राहुल मास्टरजी कूक्कू महाराज चरणदास आदि ने सहयोग किया। कार्यक्रम में डा जसराम सिंह गौतम अध्यक्ष लार्ड बुद्धा सेवा समिति ने सभी उपासको को बुद्ध वन्दना, त्रिशरण पंचशील का उच्चारण कराया। सभी उपस्थित गणों ने बुद्ध जी वचनों को अपनाने का संकल्प लिया।

# भारतेन्दु नाट्य अकादमी और निर्मल फाउण्डेशन द्वारा आयोजित

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

स्थानीय इन्दिरा बाल भवन में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ एवं 'निर्मल फाउण्डेशन' के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय रंगमंच प्रशिक्षण शिविर 'रंग पाठशाला' का उद्घाटन आज नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमति इन्दिरा सिंह व वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बीरबल सिंह द्वारा नटेश्वर प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रजज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर श्रीमति इन्दिरा सिंह ने बच्चों को शुभकामनायें देते हुए कहा रंगमंच के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और समूह में कार्य करने की प्रवृत्ति जागृत होती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि रंगमंच और सांस्कृतिक




आयोजनों के लिए नगरपालिका द्वारा शीघ्र ही सुन्दर व्यवस्था उपलब्ध कराई जायेंगी।

वहीं डा. बीरबल सिंह जी ने बच्चो से परिचय करते हुए कहां कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक परम्पराओं के संरक्षण के लिए कटिबद्ध हैं और ऐसी कार्यशालाएं हमें भारतीय संस्कृति को गहराई से समझने का अवसर प्रदान करती है।

इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता योगेन्द्रपाल सिंह योगी ने सभी प्रतिभागियों को शूभकामनायें दी।

संस्था अध्यक्ष व कार्यशाला निर्देशक दीप अंजुम ने बताया कि यह कार्यशाला 'शिक्षा में रंगमंच का महत्व' विषय को लेकर आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चे बहुतं उत्साहित हैं।

कार्यशाला के प्रथम दिन आज आवाज और शारिरिक व्यायाम के साथ-साथ आपसी तालमेल को लेकर कई क्रियाऐं सिखाई गई। इस कार्यशाला में एक नाटक भी तैयार किया जा रहा है, जिसका समापन पर प्रर्दशन किया जायेगा। इससे पूर्व संस्था की ओर से मिनाक्षी शर्मा, मनोरंजन शर्मा, मनिन्दर सिंह व अनुज चौधरी ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर सर्वश्री भोपाल सिंह 'मोन्टू', मौ. शान, निपेन्द्र कुमार आर्य, कु0 पारूल, अनुराग शर्मा आदि उपस्थित रहे। भारतीय संस्कृति के संरक्षण संवर्धन को समर्पित राष्ट्रीय संस्था संस्कार भारती की बिजनौर इकाई द्वारा कार्यशाला की व्यवस्थाओं मे सहयोग किया गया।

## आंगन में बर्तन धो रही मां-बेटी पर गुलदार का हमला, अस्पताल में भर्ती

✷ एनसीआर टुडे. केहरीपुर. रेहड़ ✷

थाना क्षेत्र के गांव केहरीपुर में आज एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। आंगन में बर्तन धो रही मां और बेटी पर अचानक एक गुलदार ने हमला





कर दिया। इस हमले में मां परमजीत कौर (40 वर्ष) और उनकी बेटी सिमरनजीत कौर (17 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गईं।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गुलदार को भगाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। घायल मां-बेटी को तत्काल उपचार के लिए कासिमपुर गढ़ी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है, लेकिन उन्हें गहरी चोटें आई हैं। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से इलाके में पिंजरा लगाने और गुलदार को पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शुगर-ब्लड प्रेशर जागरूकता अभियान में सहयोग करेगी ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

नहटौर क्षेत्र के लगभग दो हजार की आबादी वाले ग्राम फलौदी के 11 लोगों ने सेना तथा अर्धसैनिक बलों में शामिल होकर देश की सुरक्षा में लगे हैं।

जबकि पांच लोग सेवानिवृत्त होकर घर आ चुके हैं। जिनमें से सेना में हवलदार रहे सहेन्द्र डोडवाल ने कारगिल युद्ध में दुश्मन की हेकड़ी निकाली थी। क्षेत्र के गांव फलौदी निवासी किसान नेता लोकेन्द्र सिंह डोडवाल ने बताया कि सबसे पहले गांव के रामकुमार 1985 सीआईएसएफ में भर्ती हुए थे। उसके बाद यह सिलसिला चलता रहा।

उन्होंने बताया कि रामकुमार एसआई सीआईएसएफ, अनुज डोडवाल एसआई सीआरपीएफ, विशाल डोडवाल सिग्नल मैन आर्मी, सौवीर सिंह कैप्टन आर्मी, सहेन्द्र सिंह हवलदार आर्मी सेवानिवृत्त होकर घर आ चुके हैं। वहीं योगेन्द्र सिंह, पाले सिंह व परवेन्द्र डोड वाल एसआई सीआरपीएफ, हेमेन्द्र डोडवाल व मौसम डोडवाल सैनिक आर्मी, मेजर सिंह डोडवाल नायक आर्मी, मंदीप कुमार व नितिन कुमार सुबेदार आर्मी, मोहित कुमार व सचिन कुमार हवलदार आर्मी, धर्मेंद्र डोडवाल हवलदार सीआरपीएफ विभिन्न जगहों पर देश की सुरक्षा में लगे हैं। उन्होंने बताया कि परवेन्द्र डोडवाल की ड्यूटी इस समय पुलवामा में ही चल रही है।

## कार्यकर्ताओं समेत आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए सभासद असलम सिद्दीकी

कद्दावर नेता वार्ड 20 के सभासद असलम सिद्दीकी अपना सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए आजाद समाज पार्टी की एक बैठक रईस कुरैशी की अध्यक्षता व विपिन गुठलियां के संचालन में असलम सिद्दीकी के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई।

संपादकीय

# युद्धविराम का असली खेल

पिछले बुधवार को शुरु हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में एक नया जोश और उम्मीद जागी थी कि अब आतंकवाद के पीड़ितों को इंसाफ मिलेगा और पहलगाम हमले का करारा जवाब पाकिश्तान को दिया जाएगा। इस ऑपरेशन के बाद सरकार की तरफ से यही कहा भी गया कि न्याय कर दिया गया।

लेकिन फिर पाकिश्तान की तरफ से आक्रमण शुरु हुए, उनका भी माकूल जवाब भारतीय सेना ने दिया। हालांकि इनमें सीमा पर बसे नागरिकों को जान-माल का काफी नुकसान हुआ, लेकिन देशभक्ति और राष्ट्रवाद के नाम पर इन पर सरकार से सवाल करना गुनाह मान लिया गया। इस बीच शनिवार शाम को अचानक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खबर दी कि उन्होंने भारत और पाकिश्तान दोनों पक्षों से लंबी चर्चा की है और उनकी मध्यस्थता के कारण अब युद्धविराम हो गया है।

युद्ध खत्म होगा, इस बात पर राहत तो महसूस हुई, लेकिन यह राहत क्षणिक ही थी क्योंकि कुछ ही देर में पाकिश्तान की तरफ से हमले फिर शुरु हो गए। और फिर शनिवार देर रात पाकिश्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने राष्ट्र को संबोधित करते हुए बताया कि उनकी ऐतिहासिक जीत हुई है। यह झटका काफी नहीं था कि रविवार सुबह डोनाल्ड ट्रंप का एक और ट्वीट आ गया, जिसमें ट्रंप ने दावा किया कि अब वह हजारों सालों से चले आ रहे कश्मीर विवाद को भी सुलझाने में मदद करेंगे।

देश ने पहले भी पांच युद्ध देखे हैं, कई बड़े आतंकी हमलों के जख्म खाए हैं, अंतरराष्ट्रीय श्तर पर भारत के खिलाफ हुई साजिशों को झेला है, लेकिन शनिवार से लेकर रविवार तक जितने झटके देश को मिले, ऐसा शायद कभी नहीं हुआ। इनमें सबसे अधिक दुख की बात यह रही कि इतना कुछ होता रहा और नरेन्द्र मोदी का एक लाइन का ट्वीट, एक वाक्य का राष्ट्र के नाम संबोधन सुनाई नहीं दिया।

कम से कम रविवार शाम साढ़े छह बजे तक तो यही स्थिति थी। देश में अब तक जो नहीं हुआ, वो नरेन्द्र मोदी ने मुमकिन कर दिखाया। श्री मोदी ने देश की संप्रभुता को दांव पर लगाते हुए अमेरिका को हमारे मामले में दखलंदाजी की अनुमति दे दी। जिस अंदाज में ट्रंप ने सीज़फायर को लेकर दावे किए उससे तो यही लगता है।

भारत शांतिप्रिय देश है, बावजूद इसके भारत 1947, 1962, 1965, 1971, और 1999 पांच बार युद्ध का हिस्सा बना। इसमें 62 के चीन के आक्रमण में भारत को हार मिली, लेकिन बाकी सारे युद्ध जो पाकिश्तान के साथ लड़े गए, उसमें हमें जीत हासिल हुई। भारत ने यह हमेशा सुनिश्चित किया कि कोई तीसरा देश हमारे मामले में दखलंदाजी न करे। लेकिन इस समय 2025 में पाकिश्तान के साथ जो युद्ध की स्थिति बनी, उसमें पहले तो ऑपरेशन सिंदूर चला कर नरेन्द्र मोदी ने यह बताया कि उनकी सरकार पहले की नीतियों पर ही चलेगी और हमले पर जवाबी कार्रवाई करेगी।

लेकिन सात मई को हुए आपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के महज 3 दिन बाद ही ट्रंप ने 10 मई की शाम को अचानक दुनिया को संदेश दिया कि उनकी मध्यस्थता के कारण दोनों देश युद्धविराम पर सहमत हुए हैं। 78 सालों में कभी किसी देश ने इस तरह भारत के नाम पर अपना बयान जारी नहीं किया। यहां तक कि रूस ने भी कभी भारत के साथ दोश्ती का ऐसा नाजायज फायदा नहीं उठाया, लेकिन ट्रंप ने ऐसा किया तो जाहिर है नरेन्द्र मोदी से सवाल हो रहे हैं कि वो पूरे मामले की सच्चाई बताएं।

क्या उन्होंने ट्रंप को मध्यस्थता करने कहा, अगर ऐसा है तो फिर उस विपक्ष को भरोसे में क्यों नहीं लिया, जो शुरु से इस मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ा है। कांग्रेस की तरफ से फिर से संसद का विशेष सत्र बुलाने और सर्वदलीय बैठक में नरेन्द्र मोदी के शामिल होने की मांग की गई है, लेकिन ऐसा लगता नहीं कि सरकार विपक्ष की बात सुनेगी।

पाकिश्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने तो राष्ट्र्र के नाम संबोधन में इसे पाकिश्तान की ऐतिहासिक जीत कहा, लेकिन श्री मोदी ने तब भी देश को यह नहीं बताया कि भारत अगर जीत का दावा कर रहा है तो फिर पाकिश्तान हार क्यों नहीं मान रहा। अपने संबोधन में शरीफ ने अमेरिका, ब्रिटेन, कतर, सऊदी अरब, तुर्किए, और चीन सबका शुक्रिया अदा किया। ऐसे में भारत को बताना चाहिए कि अगर ये सारे देश पाकिश्तान के साथ खड़े थे तो क्या इन्होंने भारत का विरोध किया है।

दरअसल सीज़फायर के बहाने कश्मीर के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय दखलंदाजी का खेल रचा गया है और इसमें जाहिर हुआ है कि नरेन्द्र मोदी कूटनीतिक मोर्चे पर बुरी तरह पिछड़ चुके हैं। ट्रंप कश्मीर विवाद को जिस तरह भारत-पाक के बीच हज़ारों सालों का मुद्दा बता चुके हैं, यह न केवल तथ्यात्मक तौर पर गलत है, बल्कि बेहद शर्मनाक भी है कि कश्मीर के संवेदनशील मुद्दे को ट्रंप इतने हल्के तरीके से पेश कर रहे हैं।

हजारों सालों से विवाद की बात कहकर वे भारत की छवि भी बिगाड़ रहे हैं, क्योंकि भारत का इतिहास ऐसा नहीं रहा है कि वह किसी और की जमीन को जबरन अपना बता कर कब्जा करे। यह काम अमेरिका और ब्रिटेन जैसे साम्राज्यवादी देशों का रहा है, लेकिन ट्रंप भारत का अपमान लगातार कर रहे हैं और मोदी इस पर कुछ नहीं कह रहे।

इन हालात में इंदिरा गांधी को लोगों ने याद करना शुरु किया, जिन्होंने 71 के युद्ध में अमेरिका की धरती से ही अमेरिका को चेतावनी दे दी थी कि हमारे मामले में टांग अड़ाने का उन्हें कोई हक नहीं है। अमेरिका ने तब जो धमकियां दीं, इंदिरा गांधी ने उनका कड़ा जवाब दिया, पाकिश्तान को हराया और उसके दो टुकड़े करके दुनिया का भूगोल बदल दिया। ऐसा कमाल भारत के किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया।

मगर मोदी भक्तों को इंदिरा गांधी की वीरता से भी तकलीफ हो रही है। वो सवाल कर रहे हैं कि अगर ऐसा ही था तो फिर देश पर कई आतंकी हमले क्यों हुए। ऐसी मूर्खतापूर्ण बातों का कोई जवाब नहीं हो सकता। लेकिन अफसोस होता है ये देखकर कि मोदी के महिमामंडन में लगे ये भक्तनुमा पत्रकार अनजाने में अपने देश के लिए कृतघ्न हो रहे हैं।

# फिर भी बाज नहीं आया पाकिस्तान

**सुरेश कुमार**

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए बर्बर कायर हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। अपने 28 निहत्थे, निर्दोष बेटों की नृशंस हत्या पर भारत माता शोकमग्न थी। सारा देश प्रतिशोध की ज्वाला में धधक रहा था। ऐसे माहौल में भारतीय सेना के आप्रेशन सिंदूर ने समश्त भारत को गौरवान्वित किया है।

भारतीय सेना की दूरदर्शिता ने सबका मन मोह लिया है। इसे कहते हैं एक तीर से कई निशाने साध लेना : 1. जहां पहलगाम में आतंकियों ने हिंदू-मुस्लिम जहर को हवा देने के लिए हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा, ताकि पूरे देश में धार्मिकता के नाम पर कट्टरपंथी ताकतों द्वारा देश को गृहयुद्ध में धकेला जा सके, हमारी सेना ने जवाब में संदेश दे दिया कि पूरा भारत एक है, आतंकियों द्वारा हमारे देश को धर्म के नाम पर बांटने की साजिश को नकार दिया। यह उनके मुंह पर जोरदार तमाचा है।

हिंदू स्त्री की सिंदूर की मर्यादा की रक्षा की लड़ाई में मुस्लिम युवती सोफिया कुरैशी ने सबसे पहले तोप कमान अपने हाथ में ली। यही है भारतीय सभ्यता और संस्कृति। 2. दूसरी तरफ पूरी दुनिया को भी संदेश दिया कि भारत में लडक़ा-लडक़ी एक समान है, आज के भारत में लैंगिक भेदभाव नहीं होता। 3. तीसरी बात यह कि देश की बहनों को भी एक उत्साहवर्धक मैसेज दिया है कि बेटी को पढ़ा लिखा कर काबिल बना दिया जाए, तो नारीशक्ति भी पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल सकती है।

देश की उन्नति में सहभागिता कर सकती है। कल तक जहां कोई लडक़ी सपने में भी सेना में जाने का सोच भी नहीं सकती थी, आज वहां उच्च पदों पर लड़कियां विराजमान हैं। अब हर युवा लडक़ी सेना में जाने का ख्वाब देखने लगेगी। 4. सबसे बड़ा तमाचा उस पुरुष प्रधान समाज पर है, जो आज भी औरतों को सिर्फ घर-गृहस्थी, वंश वर्धन के लिए बच्चे पालने और किचन तक ही सिमटा कर रखना चाहते हैं। जोरदार सैल्यूट बनता है भारतीय सेना को...। हमें आप पर गर्व है।

इसके अतिरिक्त वतन की शेरनी कर्नल सोफिया कुरैशी का इंडिया आर्मी को रिप्रजेंट करते हुए प्रेस कान्फ्रेंस करना बेहतरीन कदम है। यह सब आधुनिक भारत में महिला सशक्तिकरण और मुस्लिम देशभक्ति का प्रतीक है। भारतीय मुसलमान बाई बर्थ और बाई च्वाइस इंडियन है। यह जरूर लिखना चाहूंगा कि भारतीय सेना द्वारा किया गया एयर स्ट्राइक समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। हम सभी जानते हैं कि भारत विश्व का प्राचीनतम राष्ट्र है। इसने कभी भी किसी अन्य देश पर सैन्य आक्रमण नहीं किया है।

हां, बाह्य आक्रमण होने पर प्रतिरक्षात्मक कदम अवश्य उठाए हैं। भारत पर बाह्य आक्रमण का सिलसिला सिकंदर से प्रारंभ होता है, जो आज भी यथावत जारी है। केवल आक्रमण के स्वरूप में परिवर्तन हुआ है। भारत पर बाह्य-आक्रमण के दो प्रमुख कारण हैं। पहला कारण आक्रमणकारी देश की विश्तारवादी नीति होती है। वह दूसरे देश को हड़प लेना चाहता है। दूसरा कारण भारत की आर्थिक समृद्धि के प्रति उसका आकर्षण होता है। धन-धान्य से परिपूर्ण वैभवसंपन्न भारत का वह मालिक बनना चाहता है।



भारत की स्वतंत्रता के पूर्व तथा उसके पश्चात होने वाले आक्रमण को हमारे देश के नेतृत्व ने सही ढंग से नहीं समझा, यह हमारे देश का दुर्भाग्य रहा है। पहले एक लुटेरा सैन्य बल के साथ आता था, आतंक मचाता था, लूटपाट करता था, मंदिरों को ध्वश्त करता था, बहन-बेटियों के सम्मान से खेलता था तथा अनेक बेगुनाहों की हत्या करता था, फिर वह वापस चला जाता था। लेकिन हमने पाकिश्तान बनाकर उसे अपना पड़ोसी बना दिया।

उसे एक मुस्लिम देश के रूप में मान्यता भी दे दी। उसे एक स्थायी शत्रु के रूप में प्रस्थापित कर दिया। अब वह गोला-बारूद, टैंक-तोप, परमाणु बम आदि बनाकर बहुत ही सुनियोजित ढंग से बाकी बचे भारत को हथियाने का प्रयास कर रहा है। पाकिश्तान बनाकर हमने सोचा था कि समस्या का अंत हो गया।

अब हम परिवार के साथ सुख-चैन से जी सकेंगे, अपने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सकेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 'हंस के लिया है पाकिश्तान।

लड़ के लेंगे हिंदुश्तान।।' यह उनका पुराना मंसूबा है। उस मंसूबे को पूरा करने के लिए वह आतंकवाद, तस्करी, लव जिहाद आदि का सहारा लेता है। अब उसकी दृष्टि में पूरा भारत है। धीरे-धीरे जनसंख्या वृद्धि कर एवं मजहबी उन्माद बढ़ाकर वह भारत को कई टुकड़ों में बांटना चाहता है।

अतः केवल एयर स्ट्राइक से समस्या का स्थायी समाधान होने वाला नहीं है। पाकिश्तान को लेकर इस समय भारतीय सेना को कोई ठोस फैसला करना चाहिए, क्योंकि पाकिश्तान कोई देश नहीं अपितु एक जहरीली सोच और खूनी मानसिकता है।

यह जगजाहिर है कि पाकिश्तान भारत के खिलाफ हमेशा से षड्यंत्र बुनता रहा है। वह आतंकवादियों को प्रशिक्षण देता रहा है और भारतीय क्षेत्र में उनकी घुसपैठ भी करवा रहा है। ऐसे घुसपैठिए ही भारत में खून-खराबा करता रहे हैं। उन्हें अब कड़ा सबक सिखाने की निहायत ही जरूरत है।

संघर्ष विराम के बावजूद पाकिश्तानी सेना भारत के खिलाफ अपनी हिंसक कार्रवाई छेड़े हुए है। आतंकवादियों का काफी हद तक भारतीय सेना ने सफाया कर दिया है, लेकिन अब सीधे पाकिश्तानी सेना भारत को उकसाने के लिए जो कुछ उससे संभव हो रहा है, वह कर रही है।

इस समय भारतीय सेना को कोई ठोस फैसला लेने की पूरी आजादी दी जानी चाहिए। भारत के भीतर बचे-खुचे अलगाववादियों को भी चिन्हित करके उन्हें कड़ा सबक दिया जाना चाहिए। जहां-जहां, जिस मोर्चे पर लड़ाई की हमारी तैयारियों में कहीं कोई कमी नजर आती है, तो उसे भी दुरुश्त किया जाना चाहिए। इस समय सियासत भी नहीं होनी चाहिए।

किसी भी दल या नेता को कोई ऐसा बयान जारी नहीं करना चाहिए जिससे शत्रु पक्ष को कोई लाभ मिले। यह अच्छी बात है कि इस समय देश के राजनीतिक दल सोच-समझ कर बयान जारी कर रहे हैं और सेना के साथ एकजुट खड़े दिखाई दे रहे हैं।

हमें देश के भीतर के शत्रुओं से भी सचेत रहना है। अंतरराष्ट्रीय श्तर पर पाकिश्तान भारत की छवि को धूमिल करने के प्रयास कर रहा है। ऐसे प्रयासों को भी भारत को निष्फल करना होगा। भारत को अपनी छवि एक शांतिप्रिय देश के रूप में बनाए रखने के प्रयास करने होंगे।

# कश्मीर : अमेरिकी दबाव के सामने मोदी खामोश

**शकील अख्तर**

कश्मीर पर पाकिस्तान का मान जाना कोई खास बात नहीं है। लेकिन भारत अगर मध्यस्थता स्वीकार कर लेता है तो यह बहुत बड़ी बात होगी। अभी तक कि स्वतंत्र विदेश नीति के बिल्कुल उलट। भारतीय हितों के विपरीत। भारत की संसद के दोनो सदनों ने 22 फरवरी 1994 को सर्वसम्मति से यह प्रश्ताव पास किया था कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

क्या प्रधानमंत्री मोदी युद्धविराम की तरह कश्मीर पर भी किसी समझौते को मान जाएंगे? बहुत बड़ा सवाल!

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा ट्वीट बहुत खतरनाक है। इसमें वे स्पष्ट रूप से कश्मीर के मामले में मध्यस्थता की बात कर रहे हैं। भारत हमेशा कहता रहा है कि यह द्विपक्षीय मसला है और भारत किसी तीसरे को इसमें शामिल नहीं करेगा। शिमला समझौता में यह सबसे अहम बात है। उसके बाद कई बार पाकिस्तान ने कभी संयुक्त राष्ट्र, कभी अमेरिका, कभी चीन के जरिए मध्यस्थता करवाने की कोशिश की मगर भारत ने कभी स्वीकार नहीं किया। इन्दिरा गांधी जिन्हें अभी अमेरिका द्वारा घोषित युद्धविराम के बाद देश में सबसे ज्यादा याद किया जा रहा है उन्होंने 1971 का युद्ध जीतने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भुट्टो को शिमला बुलाकर यह समझौता किया था। और उसमें लिखवाया था कि कश्मीर का मुद्दा दोनों देश मिलकर सुलझाएंगे। तीसरे किसी का दखल नहीं होगा।

लेकिन पहले युद्धविराम की अप्रत्याशित घोषणा और अब उसके बाद कश्मीर समस्या सुलझाने का दावा बता रहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप का दबाव काम कर गया है। पाकिस्तान का उसमें आना कोई खास बात नहीं। उसके पास क्या है? 75 साल में उसने क्या हासिल किया? आज चीन उसके साथ था और वह भी उसके नहीं भारत से दुश्मनी की वजह से और अमेरिका उसे टूटने नहीं देना चाहता था इसलिए



उसने युद्ध विराम करवाकर उसे बचा लिया, नहीं तो पाकिस्तान कितने दिन और भारत से लड़ पाता? वहां के शासक इसे समझते हैं। लेकिन अपने देश की जनता को उलझाए रखने के लिए युद्ध विराम के बाद भी गोलाबारी, ड्रोन अटैक करते रहे। केवल यह बताने के लिए कि हम लड़ सकते हैं। और ठीक यही बात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने अपने देश को संबोधित करते हुए कही। झूठी शान बताते हुए कि-हमारे सेना ने यह कर दिया वह कर दिया वे केवल जंग का महिमामंडन करते रहे। जैसे युद्ध जिन्दगी के लिए सबसे जरूरी चीज है। इसी तरह की जज्बाती बातों ने पाकिस्तान की अवाम को 75 साल से उलझाए रखा है। और वे ऐसे ही रहें इसमें पाकिस्तान के नेताओं का दोष तो है ही चीन और अमेरिका भी यही चाहता है।

पाकिस्तान की जनता को देखना होगा कि चीन और अमेरिका जो उसके दोश्त हैं कितनी तरक्की कर चुके हैं और उनका मुल्क वहीं का वहीं है। भारत के साथ आजाद हुआ था। भारत हर क्षेत्र में कहीं से कहीं निकल गया लेकिन पाकिस्तान अभी भी कर्जा लेकर अपने खर्चे चलाने पर मजबूर है। अभी आईएमएफ से 12 हजार करोड़ रुपए अमेरिका ने दिलवाए।

इसलिए कश्मीर पर पाकिस्तान का मान जाना कोई खास बात नहीं है। लेकिन भारत अगर मध्यस्थता स्वीकार कर लेता है तो यह बहुत बड़ी बात होगी। अभी तक कि स्वतंत्र विदेश नीति के बिल्कुल उलट। भारतीय हितों के विपरीत। भारत की संसद के दोनो सदनों ने 22 फरवरी 1994 को सर्वसम्मति से यह प्रश्ताव पास किया था कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। और जिस हिस्से पर पाकिस्तान ने कब्जा कर रखा है वह भी। याद रहे यह प्रश्ताव उस समय की कांग्रेस सरकार ने उस समय पास करवाया था जब जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा चलाए जा रहे आतंकवाद का सबसे भीषण समय था। पाकिस्तान एक तरफ कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां चला रहा था दूसरी तरफ दुनिया में यह झूठा प्रचार कर रहा था कि भारत दिल्ली में बैठकर कश्मीरियों पर शासन कर रहा है।

जबकि हकीकत यह थी कि पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण वहां चुनाव नहीं हो पा रहे थे। मगर भारत वहां राजनीतिक प्रक्रिया चला कर चुनाव का माहौल तैयार कर रहा था। ऐसे समय में अन्तरराष्ट्रीय जगत को सही स्थिति बताने के लिए केन्द्र सरकार ने अपना एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र भेजा। और जानते हैं उसका नेता किस को बनाया। विपक्ष के नेता को।

क्यों? ताकि यह संदेश जाए कि पूरा भारत कश्मीर के मामले में एक है। अटल बिहारी वाजपेयी को दल का अध्यक्ष बनाया और जम्मू कश्मीर के नेता फारुक अब्दुल्ला को उस दल में शामिल किया। आज कांग्रेस बिना शर्त सरकार को पूरा समर्थन दे रही थी। पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद से ही। मगर जब बिल्कुल युद्ध जैसा माहौल हो गया तो सत्तारुढ़ पार्टी बीजेपी वीडियो जारी करके यह बताने लगी कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री कितने कमजोर थे। अब कमजोर थे ताकतवर थे पता नहीं मगर कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता स्वीकार करना तो बड़ी बात किसी को इस पर बात भी करने की इजाजत नहीं देते थे। देश एक बहुत अनिश्चित मोड़ पर खड़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी बिल्कुल खामोश हैं। पहलगाम के बाद दो आल पार्टी मीटिंग हुईं मगर एक में भी प्रधानमंत्री नहीं आए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दोनों में मौजूद थे। जबकि उनसे कहा गया कि जब नेता सत्ता पक्ष नहीं आ रहा हो तो नेता प्रतिपक्ष को जाने की क्या जरूरत? मगर राहुल ने अपनी जिम्मेदारी को समझा और वहां जाकर दोनों बार सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा देकर आए। लेकिन अब एक अचानक अमेरिका द्वारा युद्ध विराम और फिर दूसरा कश्मीर पर अमेरिका की मध्यस्थता राहुल को बोलने पर मजबूर करेगी। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उनका दायित्व है। कश्मीर का मामला बहुत नाजुक है। भारत की भावनाओं से जुड़ा है। इसमें अचानक कोई तीसरा देश दखल देने की कोशिश करे यह भारत के लोगो को कभी स्वीकार नहीं होगा।

प्रधानमंत्री मोदी को इस पर अपना रुख साफ करना चाहिए। अभी अचानक युद्धविराम से देश हतप्रभ है। शांति सब चाहते हैं। मगर उसकी घोषणा हम करते तो बात दूसरी थी। अभी जिस भाषा में पाकिश्तान के प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं वह नहीं होती। उनकी भाषा लिखने योग्य भी नहीं है। ट्रोलों जैसी। घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। भारत चीखने लगा! यह एक प्रधानमंत्री की भाषा होती है? अपनी जनता को बेवकूफ बनाने की कोशिश। उसके समर्थक चीन और अमेरिका भी जानते हैं कि पाकिस्तान युद्ध में ज्यादा दिन भारत के सामने टिक नहीं पाएगा। इसलिए उन्होंने युद्धविराम करवाया। पाकिस्तान को बचाने के लिए। मगर अब कश्मीर पर बात लाकर ट्रंप ने किसी बड़े गेम के संकेत दे दिए हैं। यह अमेरिका के, चीन के, पाकिस्तान के फायदे में हो सकता है। मगर भारत के नहीं। किसी दबाव में कश्मीर पर बात करना उसके स्वाभिमान के खिलाफ है। मोदीजी को स्टेंड लेना पड़ेगा। नहीं तो देश लेगा। अगर ट्रंप और मोदी यह समझते हैं कि वे कश्मीर पर कोई फैसला ले सकते हैं तो भारी भूल कर रहे हैं। ऊपर बताया ही इसीलिए कि यह 22 फरवरी 1994 का संसद के दोनों सदनों का सर्वसम्मत प्रश्ताव है। इसमें कोई फेरबदल नहीं हो सकता। और अगर कश्मीर पर कोई बात करना है तो पहले संसद से इसकी अनुमति लेना होगी।

विपक्ष पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद से ही संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहा है। ट्रंप के ताजा बयान कश्मीर के बाद फिर यह मांग दोहराई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है।मोदी के लिए यह समय बहुत मुश्किल है। अचानक युद्धविराम को उनके समर्थक भी धोखा मान रहे हैं। इससे पहले जातिवार गणना की घोषणा से भी उन्हें बहुत धक्का लगा था। जिसे वे राष्ट्रविरोधी, अरबन नक्सल का अजेंडा, भारत को तोड़ने की साजिश बताते घूम रहे थे वही उनके नेता ने कर दिया। उस सदमे से वे उबरे नहीं थे कि ट्रंप ने पहले युद्धविराम और फिर कश्मीर पर मध्यस्थता की घोषणा कर दी। मोदी की छवि पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ा है। वे खामोश हैं। उनके पास कोई जवाब नहीं है।

# अब एमएसएमई की मजबूती जरूरी

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

यकीनन इस समय पाकिस्तान से तनाव के माहौल के बीच भारत की अर्थव्यवस्था के संसाधनों और उत्पादन प्रणाली पर दबाव के मद्देनजर देशभर में सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। वस्तुतः आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने पर स्थानीय श्तर पर मौजूद एमएसएमई खाद्य उत्पाद, छोटे रक्षा उत्पाद और दवाई जैसी अन्य जरूरी वश्तुओं का तेजी से कम लागत पर उत्पादन करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

गौरतलब है कि एक ओर पाकिस्तान से चरम पर पहुंचे युद्ध तनाव और दूसरी ओर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप से टैरिफ की चुनौती के बीच अमेरिका के द्वारा भारत पर घोषित किए गए 26 फीसदी टैरिफ पर 90 दिनों के विराम ने भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई को कुछ राहत अवश्य दी है, लेकिन अमेरिकी बाजार पर निर्भर अधिकांश एमएसएमई निर्यातक अमेरिकी खरीददारों द्वारा छूट की नई मांग और अनुबंधों पर नए सिरे से बातचीत के अलावा भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों से अपने बचाव के लिए सरकार का रणनीतिक सहयोग जरूरी मान रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले माह 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढऩे के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं।

समें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा।

इस परिप्रेक्ष्य में यह बात महत्वपूर्ण है कि सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की योजना बना रही है। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर 17.5 लाख करोड़ रुपए किया गया है।

इसी तरह एमएसएमई क्षेत्र भी नए व्यापार युग की सच्चाइयों को समझते हुए नवाचार, प्रतिस्पर्धा, क्षमता में सुधार तथा शोध की डगर पर आगे बढऩे की तैयारी कर रहा है। निःसंदेह एमएसएमई क्षेत्र देश के विनिर्माण, निर्यात और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एमएसएमई मंत्रालय की नई रिपोर्ट के मुताबिक देश में करीब 5.93 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई हैं। इनमें 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30 फीसदी है। एमएसएमई से वर्ष 2024-25 में करीब 12.39 लाख करोड़ रुपए का निर्यात किया गया है। देश से निर्यात किए गए कुल उत्पादों में से करीब 46 फीसदी उत्पाद एमएसएमई क्षेत्र से हैं। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि एमएसएमई के लिए निर्मित होने वाली विभिन्न चुनौतियों के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की एक श्रृंखला प्रश्तुत की है।




इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहलें शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है।

उद्योगों का विश्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। निश्चित रूप से निर्यातकों को सहारा देने के सरकार के ये कदम सराहनीय हैं। लेकिन पाकिस्तान से युद्ध के माहौल और ट्रंप के टैरिफ तूफान का मुकाबला करने और निकट भविष्य में निर्मित होने वाले उभरते अवसरों को मुट्ठी में लेने के मद्देनजर एमएसएमई को हरसंभव उपाय से मजबूत बनाना होगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाए हैं, जो कि चीन पर 245 फीसदी, बांग्लादेश पर 37 फीसदी तथा श्रीलंका पर 44 फीसदी टैरिफ से कम है।ऐसे में भारत के कई चुनिंदा एमएसएमई उत्पादों को तुलनात्मक लाभ मिल सकता है। फिर भी 26 फीसदी टैरिफ की व्यापक चुनौती का मुकाबला करने की डगर पर आगे बढऩे के लिए कई और बातों पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है।

नए सिरे से एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा किसी भी निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिए जाने के प्रयासों में तेजी लानी होगी। इससे भारत की एमएसएमई उतार-चढ़ाव भरे सफर को आगे बढ़ा सकेगी।

इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विश्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जा सकती है।

सरकार के द्वारा एमएसएमई को वश्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के परिपालन में आ रही कठिनाइयों पर ध्यान देते हुए जीएसटी व्यवस्था को सरल करना होगा। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विश्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभान्वित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है।

इस बात पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा कि भारत के एमएसएमई गुणवत्ता को मुठ्ठी में लेकर समकालीन डिजिटल तकनीकों को अपनाते हुए अमेरिका सहित वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति को रणनीतिक रूप से बढ़ा सकते हैं।

ऐसे विभिन्न उपायों से भारत टैरिफ की चुनौतियों को एमएसएमई के लिए उभरते हुए नए अवसरों के दौर में बदल सकता है। निश्चित रूप से देश के एमएसएमई क्षेत्र के लिए अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के द्वारा हाल ही में प्रश्तुत यह उम्मीद लाभप्रद है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रश्तावित द्विपक्षीय कारोबार समझौता (बीटीए) के लिए की जा रही व्यापार वार्ता सफल रूप से निष्कर्ष पर पहुंचने के बहुत करीब है।

ऐसे में भारत दुनिया का सबसे पहला देश हो सकता है जो अमेरिका के साथ द्विपक्षीय कारोबार समझौता करेगा। इसी तरह विगत माह 21 अप्रैल को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों देशों के बीच प्रश्तावित द्विपक्षीय कारोबार समझौते में प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि इससे दोनों देश लाभान्वित होंगे।

ऐसे में बीटीए जितनी जल्दी अंतिम रूप लेने के बाद कार्यान्वयन की डगर पर आगे बढ़ेगा, उतनी ही तेजी से देश के एमएसएमई लाभान्वित होते हुए दिखाई देंगे। हम उम्मीद करें कि पाकिस्तान से तनाव के माहौल के बीच एमएसएमई की बहुआयामी उपयोगिता के मद्देनजर सरकार एमएसएमई के समक्ष दिखाई देने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए तत्परता के साथ रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

हम उम्मीद करें कि देश में एमएसएमई से संबद्ध उद्यमी और निर्यातक अधिकतम प्रयासों से कम लागत पर तत्परतापूर्वक अधिकतम उत्पादन करते हुए अपनी राष्ट्रीय कत्र्तव्य निर्वहन भूमिका को अहम बनाते हुए दिखाई देंगे।


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा

**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल:** todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI-**UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं के सुझाव से संवरेंगे शहर, सलाह पर तैयार होंगी विकास की योजनाएं



लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में शहरों के विकास का खाका खींचने से पहले जनप्रतिनिधियों के साथ महिलाओं के सुझाव भी लिए जाएंगे। उनके सुझाव के आधार पर विकास की योजनाएं तैयार होंगी। इसका मकसद शहरी ढांचे को महिलाओं के अनुरूप तैयार कर उनके अनुकूल वातावरण तैयार करना है। पिछले दिनों अमृत-दो की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग को यह निर्देश दिए थे। इस योजना में 24 हजार करोड़ के काम होने हैं। केंद्र सरकार ने शहरी सुविधाओं को बेहतर करने के लिए अमृत-दो योजना की शुरुआत की है। योजना का मकसद शहरों में बेहतर जल निकासी, सीवर, पार्क और पानी की सुविधा उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार चाहती है कि शहरी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए महिलाओं से भी रायशुमारी की जाए। इसके लिए निकाय वार्ड स्तर पर मोहल्ला समिति की बैठकें कराएंगे। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ आसपास की महिलाओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

#### पानी की उपयोगिता, पार्कों की सुविधा के बारे में महिलाएं ज्यादा जानकार

सरकार का मानना है कि महिलाएं सुविधाओं के मामले में बेहतर सुझाव दे सकती हैं। उन्हें यह पता होता है कि जलापूर्ति कितने घंटे हो जिससे घर चलाना आसान हो सके और पानी का दुरुपयोग न हो। पार्क बनाने के लिए भी उनका सुझाव महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इसका सबसे अधिक इस्तेमाल बच्चे ही करते है। महिलाओं के सुझाव के आधार पर प्रस्तावों को तैयार करते हुए शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र ने 8161 करोड़ उपलब्ध कराए हैं। राज्य सरकार की ओर से दिए हिस्से के बाद कुल 24 हजार करोड़ रुपये के काम होने हैं।

### प्रदेश के आईटीआई कॉलेजों में आवेदन प्रक्रिया आज से, पांच जून तक इस लिंक से कर सकेंगे आवेदन



लखनऊ , एजेंसी। प्रदेश के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में विभिन्न कोर्स व टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से अपग्रेड राजकीय संस्थानों में 11 दीर्घकालीन कोर्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 मई से शुरू हो रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया के लिए मोबाइल नंबर का ओटीपी सत्यापन अनिवार्य है। आवेदन शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग व यूपीआई से किया जा सकेगा। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) की ओर से सामान्य व पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 250 रुपये तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 150 रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के विशेष सचिव व अधिशासी निदेशक एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि आवेदन के बाद अभ्यर्थी अपने फॉर्म का प्रिंटआउट ले सकेंगे। आवेदन की कमियों में संशोधन के लिए दो दिन का मौका भी दिया जाएगा।

# बुधवार से पूरे प्रदेश में लू का अलर्ट

**लखनऊ, एजेंसी।** वाराणसी, लखनऊ, बहराइच , गोरखपुर समेत लगभग 15 जिलों जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। बलिया और गाजीपुर में आज उष्ण रात्रि की संभावना जताई गई है। इस बीच रविवार को प्रदेश के पूर्वी, तराई और दक्षिणी हिस्सों में छिटपुट बूंदाबांदी देखने को मिली।





### 14 मई से यूपी में लू की चेतावनी

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही 14 मई से प्रदेश के दक्षिणी पूर्वी और उत्तरी पश्चिमी हिस्सों के लगभग 20 जिलों में लू चलने की संभावना है।

### आंधी और बूंदाबांदी से शहर से गांव तक की बिजली गुल

राजधानी के शहर से लेकर गांव तक की आंधी और बूंदाबांदी ले बिजली गुल कर दी। ग्रामीण क्षेत्र में लाइनों पर पेड़ गिरने के कारण लोगों को ज्यादा देर तक कटौती झेलनी पड़ी। शहर में यह संकट आधे से लेकर एक घंटे तक रहा। रविवार दोपहर में निगोंहा उपकेंद्र की 33 केवी लाइन में फाल्ट आने के कारण 50 हजार आबादी को पांच घंटे तक बिजली संकट झेलना पड़ा। अवर अभियंता विजय शर्मा ने बताया कि तेज आंधी व बारिश के चलते बछरांवा के 220 केवी सब स्टेशन से निगोहां की 33 केवी लाइन बंद की गई थी।

आंधी थमने के बाद आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की गई, लेकिन फीडर में ब्रेकडाउन आ गया। अमावां गांव के पास 33 केवी लाइन पर पेड़ गिरने से दो पोलों के तार टूटे गए। मरम्मत के बाद शाम करीब 6 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हुई। इसी प्रकार दोपहर एक बजे पूरनपुर उपकेंद्र के दहियर फीडर की ट्राली तकनीकी खामी के चलते फंस गई इससे दहियर, टिकरनखेड़ा, गंगाखेड़ा, समेत छह गांव के 5000 लोगों की बिजली देर रात चालू हो सकी। इसी प्रकार चौपटिया में सराय मालीखां फीडर की एक घंटे बिजली बंद रही। यहां पर एबीसी में आग लगने के कारण संकट उत्पन्न हुआ था। आंधी के कारण गोमतीनगर के विकास, विपुलखंड, विशालखंड, दयाल पैराडाइज, चिनहट के विमलनगर, संतपुरम, कल्याणी विहार, वासुदेवनगर, आदर्श नगर व नंदू सिटी, शिवपुरी की बिजली को बंद किया गया था। साथ ही, इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेंद्र के शिवविहार में पोल टूटने से बिजली ठप हुई।

## आसमान से बरसेगी आग... लू करेगी बेहाल, बरेली में दो दिन बाद 40 डिग्री पार पहुंचेगा पारा

बरेली , एजेंसी। बरेली में पश्चिमी विक्षोभ थमने के बाद निकल रही चटक धूप अब गर्मी का अहसास कराने लगी है। मौसम विभाग ने दो दिन बाद दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान जताया है। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य स्तर पर 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में आसमान से आग बरसती रहा तो रात में भी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक, करीब सप्ताह भर तक बादल मंडराने से लोगों को धूप से राहत मिली। अब पछुआ हवा का प्रवेश थमने से बादलों का जमावड़ा थम गया है। जिससे तापमान में बढ़त हो रही है। दो दिन में तापमान दो से चार डिग्री बढ़त दर्ज करा सकता है। 14 मई से उष्ण लहर या लू का सामना भी लोगों को करना पड़ सकता है। फिलहाल तापमान में गिरावट की उम्मीद नहीं है। रविवार को न्यूनतम पारा सामान्य स्तर पर 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 25 फीसदी गिरावट के बाद 46 फीसदी नमी दर्ज हुई।

### रात में लो वोल्टेज, दिन में ट्रिपिंग ने किया परेशान

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली संकट भी शुरू हो गया है। जगह-जगह लोकल फॉल्ट के चलते होने वाली बिजली कटौती के साथ ही लो वोल्टेज और ट्रिपिंग भी परेशानी का सबब बनी हुई है। रविवार को शहर के कई इलाकों में उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ा। शनिवार रात हरूनगला, शाहदाना और जगतपुर उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में लो वोल्टेज की समस्या रही। लोकल फॉल्ट के चलते सिविल लाइंस उपकेंद्र से जुड़ीं भटनागर कॉलोनी, डॉक्टर्स कॉलोनी, जेल रोड, शराब गोदाम, सिकलापुर में दोपहर दो बजे से तीन बजे तक बिजली गुल रही। आपूर्ति बहाल होने के बाद ट्रिपिंग ने परेशान किया। जगतपुर, दुर्गानगर व शाहदाना उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में लोकल फाल्ट के चलते संकट रहा।

## आगरा में रेकी फिर चोरी...पहचान एप से हाथरस के बदमाश तक पहुंची पुलिस, मुठभेड़ में दबोचा

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के ताजगंज और सदर में बंद घरों को निशाना बनाने वाले चोर को थाना सदर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। उसने एक माह पहले रोहता में बंद घर से 25 लाख से ज्यादा का सामान चोरी किया था। उसका साथी फरार है। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद पुलिस पहचान एप से कुख्यात चोर तक पहुंची। एसीपी सदर सुकन्या शर्मा बताया कि ताजगंज और सदर इलाकों में हाथरस के गांव मीतई निवासी कुलदीप शर्मा चोरियां कर रहा था। वह 2023 में भी ताजगंज में चोरी के मामले में जेल जा चुका था। जेल से छूटने के बाद वह फिर से वारदात करने लगा। 11 मार्च को उसने रोहता के एक बंद घर में दिन में दो बार अपने साथी सचिन शर्मा के साथ रेकी की। इसके बाद अलमारी के लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के गहने, लाखों की नकदी साफ कर दी। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में कुलदीप के फुटेज मिल गए। इसके बाद पुलिस ने पहचान एप के माध्यम से कुलदीप की शिनाख्त कर ली। शनिवार की रात को पुलिस ने चेकिंग के दौरान कुलदीप शर्मा को रोहता के पास रोकने की कोशिश की। इस दौरान उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जो उसके पैर के निचले हिस्से में लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कुलदीप ने पूछताछ में बताया कि वह अकेले ही बंद घरों में चोरी करता है। सचिन को उसने पहली बार अपने साथ लिया था। वह भी हाथरस का रहने वाला है। घर में 25 लाख रुपये से अधिक का सामान मिला था, जिसका बंटवारा किया गया।

### बहन की शादी के लिए छुपाए थे गहने

कुलदीप पहले भी चोरी करता रहा है। उस पर चोरी के तीन केस दर्ज हैं। रोहता में बंद घर में लाखों का माल चोरी करने के बाद उसने अपने घर के पिछवाड़े में खेत में गहनों को दबा दिया था। पुलिस ने खेत में खुदाई के बाद सोने के लाखों के गहने बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि दो दिन बाद बहन की शादी में देने के लिए उसने गहने छुपाए थे।

## दरोगा-दो होमगार्ड कोर्ट में तलब, वाहन चेकिंग के दौरान थप्पड़ मारने पर मौत होने का है आरोप

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ में कठपुला के पास वाहन चेकिंग के दौरान युवक की मौत के मुकदमे में पुलिस की अंतिम रिपोर्ट पर अदालत ने दरोगा व दो होमगार्ड तलब किए हैं। इस तलबी आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में रिवीजन दायर किया गया है। सत्र न्यायालय ने रिवीजन स्वीकारते हुए 10 जून की तारीख नियत कर सभी पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। 13 नवंबर 2018 की दोपहर मूल रूप से जवां (तब नगला पटवारी) में रहने वाले 28 वर्षीय अफजाल अपनी बेटी को दवा दिला` अस्पताल लेकर जा रहे थे। कठपुला पर वाहन चेकिंग में उनकी बाइक रोकी गई। आरोप है कि दरोगा ने कागज न होने



पर वाहन सीज करते हुए बहस होने पर अफजाल के थप्पड़ मार दिया था। जिससे वह बेहोश हो गया। बाद में अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें पुरानी अस्थमा व क्षय रोग की बीमारी से हृदयाघात से मृत्यु होना पाया गया। बाद में अफजाल की पत्नी सोनम ने 2019 में कोर्ट के आदेश पर दरोगा सुधाकर सिंह, होमगार्ड श्याम सुंदर व संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य कोई साक्ष्य न होने के आधार पर मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट लगा दी। सोनिया ने पुलिस की अंतिम रिपोर्ट पर एतराज दाखिल किया। जिस पर निचली अदालत ने दरोगा व दोनों होमगार्ड उसी मुकदमे में तलब कर लिए। अब दरोगा व होमगार्ड पक्ष ने अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह तोमर के माध्यम से सत्र न्यायालय में तलबी आदेश के खिलाफ रिवीजन दायर कराया है।

## योग बंधन... विदेशी छात्रों को योग का महत्व बताएगा डीडीयू

**गोरखपुर , एजेंसी।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय दो से 10 जून के बीच नौ दिवसीय 'योग बंधन' कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके जरिए दुनिया भर के छात्रों को योग का महत्व बताया जाएगा। विभिन्न देशों के सात विश्वविद्यालयों ने कार्यक्रम से जुड़ने की सहमति जता दी है। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. रामवंत गुप्ता ने बताया कि सात देशों के साथ इसे लेकर बातचीत को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इसमें यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ पैसेफिक फिजी, इंटी विश्वविद्यालय मलेशिया, त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडो नेपाल, बाल कुमारी कॉलेज, नेपाल, गंडकी विश्वविद्यालय पोखरा नेपाल, मधेश एग्रीकल्चरल विश्वविद्यालय, नेपाल व चुलालोंगकार्न विश्वविद्यालय बैंकॉक थाइलैंड शामिल हैं।

## बरात में डांस के दौरान महिलाओं से कहासुनी, युवक की पीट–पीटकर हत्या ; पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी



**अयोध्या , एजेंसी।** यूपी के अयोध्या में रविवार की रात बरात में डांस के दौरान महिलाओं से कहासुनी के बाद युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद विवाह की खुशियां मातम में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन विवाह की रस्में पूरी कराईं। मृतक की पत्नी की तहरीर पर दो नामजद एवं कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। घटना खंडासा थाना क्षेत्र के रामपुर गौहनिया गांव की है। गांव निवासी पन्ना लाल की पुत्री रंजना का विवाह था। रुदौली के बहार पूरे कोड़रा गांव से बारात आई थी। रात करीब 12: 30 बजे द्वार पूजा के बाद महिलाएं लावा मांगने की रस्म के लिए गांव के बाहर जिस रास्ते पर गई हुईं थी, उसी रास्ते से भोजन करके जनवासे के लिए बराती लौट रहे थे। इसी दौरान बरात में आए हुए गड़ौली गांव निवासी गंगा (30) की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर भीड़ ने उसकी पिटाई कर दी। इससे वह अचेत होकर गिर गया। आनन-फानन लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**दो नामजद सहित अन्य के खिलाफ के केस दर्ज:** खबर मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जल्दी-जल्दी विवाह की रस्में पूरी कराईं। मृतक की पत्नी ज्ञानसी की तहरीर पर रामनगर टंडवा गांव निवासी बृजेश व मनीष समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है।

## पुलिस से खुद को घिरा देख पशु तस्करों ने झोंकी फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में दो को लगी गोली

मिर्जापुर , एजेंसी। मिर्जापुर जिले के अहरौरा क्षेत्र के खोरिया जंगल के रास्ते वध के लिए बिहार ले जाए जा रहे संरक्षित पशुओं को पुलिस ने रविवार की रात में पशु तस्करों से मुठभेड़ के बाद जंगल से बरामद किया। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दो पशु तस्कर घायल हो गए। उनके पास से 25 मवेशी, दो तमंचा, चार कारतूस व दो खोखा भी बरामद किया गया है। घायल बदमाशों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया।

### ये है पूरा मामला

क्षेत्र के खोरिया जंगल के रास्ते पशु तस्करों ने मवेशियों के तस्करी की योजना बनाई थी। 25 मवेशी लेकर रविवार की देर रात दो बजे निकले। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। थानाध्यक्ष अजय सेठ ने पुलिस टीम के साथ पहुंच कर घेराबंदी की। पुलिस से घिरा देख पशु तस्करों ने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पशु तस्करों की गोली से बचते हुए पुलिस ने फायरिंग की।

## बदल रही काशी: एलीवेटेड रोड से वरुणा का होगा कायाकल्प, नदी के किनारे सड़क बनने से जाम से मिलेगी मुक्ति



**वाराणसी , एजेंसी।** वरुणा नदी का कायाकल्प करने के लिए यहां एलीवेटेड रोड का निर्माण किया जाएगा। जो पूरी तरह से ग्रीन फील्ड होगा। इससे नदी को पुनर्जीवित किया जाएगा। वरुणा नदी में जगह-जगह चैकडेम बनाएं जाएंगे ताकि जब गंगा का जलस्तर ऊपर हो तो वहां के फाटक बंद किए जा सकें। इससे वरुणा नदी के दोनों तटों पर रहने वाले लोगों के लिए बाढ़ का खतरा नहीं होगा। चौकाघाट से रिंग रोड तक वरुणा के किनारे इसका विकास होगा। इससे जाम से मुक्ति मिलेगी। रोड तकरीबन 15 किलोमीटर लंबी होगी। यह दो लेन की सड़क चौकाघाट से शुरू होगी और रिंग रोड पर हरहुआ से करीब दो किलोमीटर आगे समाप्त होगी। इस योजना से शहर के ट्रैफिक दबाव में भारी कमी आएगी। योजना को नदी से लिंक करेंगे।

इससे काशी विश्वनाथ मंदिर आने वाले वाहनों का लंबा फेरा घटेगा। 50 प्रतिशत ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। इससे दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर समेत बिहार और बंगाल की तरफ से आने वाले वाहनों को शहर के लिए नया वैकल्पिक रूट मिल जाएगा। वाहन मुख्य मार्ग के बजाय इसी सड़क से कुछ ही समय पर शहर में दाखिल हो सकेंगे। यहां सड़क बनाने के लिए कैसी तकनीक प्रभावी की जाएगी। कैसा एलाइनमेंट रहेगा, साथ ही इसमें कितने पुल आएंगे, कितने जंक्शन बनाने होंगे।

## 1971 में हुई जंग: उस रात तवी नदी का पुल नहीं उड़ाते तो घुस जाती पाकिस्तानी फौज

### जानें 1971 में हुई जंग में क्या हुआ था

आगरा , एजेंसी। अगर उस रात (3 दिसंबर 1971) हमने मनावर तवी नदी का पुल नहीं उड़ाया होता तो पाकिस्तानी फौज अपने टैंकों के साथ भारत में घुस गई होती। ये बताते हुए चाहरवाटी के गांव गढ़मुक्खा निवासी 85 वर्षीय प्रताप सिंह चाहर की आंखें चमक उठीं। भारतीय फौज से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त प्रताप सिंह भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुई जंग में हिस्सा ले चुके हैं।

प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 1964 में वह सेना में भर्ती हुए थे। ट्रेनिंग पूरी होते ही भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में जंग छिड़ गई। इसमें हिस्सा लेने के लिए उनकी भी बटालियन पहुंची। हालांकि युद्ध क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही सीजफायर हो गया। वर्ष



1971 में जब दोबारा जंग छिड़ी तो उनकी टीम को युद्ध में जाने का मौका मिला। 1971 की जंग का किस्सा सुनाते हुए प्रताप सिंह ने बताया कि 3 दिसंबर 1971 को उनकी बटालियन कश्मीर में अखनूर के छंब सेक्टर में तैनात थी। शाम साढ़े 6 बजे वह और उनके साथी बंकरों में बैठकर खाना खा रहे थे, तभी सीमा रेखा के सर्च के आदेश मिले। सर्च करते हुए उनकी टीम सीमा रेखा के पास पहुंची तो पाकिस्तानी टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ते दिखे। इस पर सर्च पार्टी ने रॉकेट लॉन्चर से मनावर तवी के पुल को ही उड़ा दिया। जिससे पाकिस्तानी फौज भारत में प्रवेश नहीं कर सकी। इस बीच प्रताप सिंह की आंखें भी डबडबा गईं। कहा कि कि 3 से 17 दिसंबर तक चले इस युद्ध में उनके कई साथी वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

### 85 की उम्र में भी जवानों जैसा जोश

प्रताप सिंह आज भी जब किसी से बात करते हैं तो वही जवानी वाला जोश झलकता है। बचपन से मेहनत के शौकीन प्रताप अब भी सुबह दौड़ लगाकर दंड-बैठक करते हैं। सुबह नाश्ते में 1 लीटर दूध, अखरोट, बादाम, काजू और पिस्ता खाते हैं। गांव में लोग उनके बारे में कहते हैं कि हाथ मिलाने में देर लगती है प्रताप चित करने में देर नहीं लगाते हैं।

## नगर आयुक्त ने सुनाई खरीखोटी, 15 जून तक नाले की सफाई न हुई तो ठेकेदार व फर्म होंगी ब्लैक लिस्टेड

**अलीगढ़ , एजेंसी।** नाला सफाई में धीमी प्रगति और जगह-जगह नाला चोक की समस्या को लेकर 11 मई को नगर आयुक्त ने निर्माण व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ सफाई कार्य करने वाले ठेकेदारों व फर्म को जमकर खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि अगर 15 जून तक नाले की सफाई नहीं हुई तो ठेकेदार व फर्म ब्लैक लिस्ट होंगी। एई, जेई और सेनेट्री इंस्पेक्टर पर भी कार्रवाई होगी। अब पार्षद नाला सफाई, पेयजल नलकूप और पंपिंग स्टेशन का भौतिक सत्यापन करेंगे। 11 मई को हैबिटेट सेंटर में आयोजित बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि नाला सफाई में लापरवाही के लिए सीधे



संबंधित ठेकेदार जिम्मेदार होंगे। जरूरत पड़े तो मशीनरी और मैन पावर दोनों का इस्तेमाल अधिक से अधिक किया जाए। नाला सफाई के बाद कचरे को किनारे न डालें। 26 कलस्टर प्रभारी रोजाना नाला सफाई का निरीक्षण करेंगे। नाला सफाई के लिए जिम्मेदार ठेकेदार रेडिकान कंस्ट्रक्शन व आरबी इंटरप्राइजेज को भी नगर आयुक्त ने नसीहत दी। वहीं, जोनल सफाई अधिकारी के अवकाश पर होने पर नाराजगी जाहिर की है। उनका मेडिकल

# मेरा बर्ताव थोड़ा रूखा था... धर्मशाला में ब्लैक आउट पर पहली बार बोली प्रीति जिंटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण धर्मशाला में 'ब्लैकआउट' के चलते पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के कुछ दिनों बाद अभिनेत्री और पंजाब आईपीएल टीम की सह मालिक प्रीति जिंटा ने स्टेडियम में दर्शकों को नहीं घबराने के लिए रविवार को धन्यवाद दिया। पंजाब की टीम बृहस्पतिवार को 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना चुकी थी जब बत्ती गुल हो गई जिसे पहले फ्लडलाइट की विफलता के कारण माना गया। टीमों और दर्शकों को उनकी सुरक्षा के लिए स्टेडियम से बाहर निकाला गया। प्रीति ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों की अफरातफरी के बाद आखिरकार घर वापस आ गई हैं। उन्होंने रविवार को प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। प्रीति ने 'एक्स' पर लिखा कि धर्मशाला स्टेडियम में मौजूद सभी लोगों को - नहीं घबराने और किसी भी तरह की भगदड़ नहीं करने के लिए धन्यवाद... मुझे खेद है कि मेरा बर्ताव थोड़ा



रूखा था और मैंने सभी के साथ तस्वीरें लेने से मना कर दिया लेकिन समय की मांग सभी की सुरक्षा थी और यह सुनिश्चित करना मेरा कर्तव्य और जिम्मेदारी थी कि सभी सुरक्षित रहें। इसे संभव बनाने के लिए धन्यवाद।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम की क्षमता लगभग 23,000 दर्शकों की है और बृहस्पतिवार को स्टेडियम खाली कराए जाने के दौरान यह लगभग 80 प्रतिशत भरा हुआ था। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि मौजूदा स्थिति में टूर्नामेंट को जारी रखना उचित नहीं होगा। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों टीमों के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को धर्मशाला से निकाला गया और कड़ी सुरक्षा के बीच होशियारपुर के रास्ते जालंधर रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया। टीमें शुक्रवार रात विशेष 'वंदे भारत एक्सप्रेस से नई दिल्ली पहुंचीं।

प्रीति ने कहा कि भारतीय रेलवे और हमारे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दोनों आईपीएल टीम और सभी अधिकारियों और परिवारों को सुरक्षित, तेज और आरामदायक तरीके से धर्मशाला छोड़ने में मदद करने के लिए हार्दिक धन्यवाद। धर्मशाला में हमारे स्टेडियम को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से खाली कराने में मदद करने के लिए जय शाह, अरुण धूमल, बीसीसीआई और हमारे सीईओ सतीश मेनन और पंजाब किंग्स की संचालन टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। सब कुछ बहुत अच्छी तरह से संभाला गया।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शनिवार को कहा था कि बोर्ड के अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बनने के बाद निलंबित टी20 लीग को फिर से शुरू करने के सर्वोत्तम संभावित कार्यक्रम पर रविवार को चर्चा करेंगे।

## टेस्ट में विराट कोहली के इन रिकॉर्ड्स को तोड़ना होगा मुश्किल

भारतीय क्रिकेट टीम के धमाकेदार बल्लेबाज और सबसे सफल टेस्ट कप्तान रह चुके विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हाल ही में रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था जिसके बाद कोहली के भी टेस्ट से संन्यास की खबरें थी। बीसीसीआई कोहली को संन्यास ना लेने के लिए भी मना रहा था, लेकिन इन सब के बीच अब कोहली ने सोमवार 12 मई को सोशल मीडिया पर टेस्ट क्रिकेट की जानकारी देते हुए सभी को हैरान करते हुए क्रिकेट से सबसे लम्बे प्रारूप से संन्यास ले लिया। टेस्ट में उनके रिकॉर्ड्स इस प्रकार हैं –

1. विराट कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया है जिसमें 40 जीत हासिल की जो किसी भी अन्य कप्तान से सबसे ज्यादा हैं।
2. विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाले पहले एशियाई कप्तान हैं। उन्होंने 2018–19 यह उपलब्धि अपने नाम की थी।
3. लगातार 9 टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड भी कोहली के नाम है जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की।
4. कोहली ने टेस्ट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 5864 रन बनाए हैं जिसमें 20 शतक शामिल हैं।
5. विराट कोहली एकमात्र ऐसे टेस्ट कप्तान हैं इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका में जीत हासिल की। वह सेना देश में टेस्ट जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान हैं। कोहली सेना देशों में सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाले एशियन कप्तान भी हैं।
6. कोहली लगातार चार टेस्ट सीरीज (2016–17) में दोहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं।
7. ऑस्ट्रेलिया में किसी भारतीय द्वारा बनाए गए सबसे ज़्यादा टेस्ट शतक (7) की सूची में कोहली सचिन तेंदुलकर (6) से आगे हैं।
8. किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज 8,000 टेस्ट रन (169 पारी) बनाने वाले चौथे भारतीय (ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 115 और 141, 2014)।
9. बांग्लादेश को छोड़कर उन्होंने हर उस देश में और उसके खिलाफ टेस्ट शतक बनाए हैं, जिसके लिए उन्होंने खेला है।




### टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद विराट कोहली का बयान-

# मैं अपने टेस्ट करियर को खुशी से याद रखूंगा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट जगत से एक बड़ी खबर सामने आई है। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है। कोहली वनडे और आईपीएल खेलते रहेंगे। संन्यास के बाद विराट कोहली का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि 'मैं अपने टेस्ट करियर को खुशी से याद रखूंगा' मैंने क्रिकेट और टीम को अपना बेस्ट दिया है। छत्तीस वर्षीय कोहली ने पिछले साल ही टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। उन्होंने भारत के लिए 123 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 46.85 के औसत से 30 शतकों की मदद से 9230 रन बनाए हैं। कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर घोषणा की, ''जब मैं खेल के इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं तो यह आसान नहीं है। लेकिन यह सही लगता है। मैंने इसे अपना सबकुछ दिया है और इसने मुझे उम्मीदों से कहीं अधिक दिया है। उन्होंने कहा, ''मैं खेल के लिए, मैदान पर खेलने वाले लोगों के लिए और हर उस व्यक्ति के लिए आभार लेकर जा रहा हूं जिसने मुझे इस दौरान खेलते हुए देखा।

## टेस्ट रिटायरमेंट के बाद अनुष्का के साथ घर पहुंचे विराट

भारतीय क्रिकेट फैंस को उस वक्त आज एक बड़ा झटका लगा, जब विश्व क्रिकेट के दिग्गज और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया। टेस्ट से अपने संन्यास के एलान के बाद विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली अपने घर पहुंचे हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से विराट और पत्नी अनुष्का का वीडियो सामने आया है। इससे थोड़ी देर पहले दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए थे। जहां पैपराजी को देखकर विराट मुस्कुराते दिखे थे। टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद विराट कोहली अब पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ दिल्ली पहुंच गए हैं। दिल्ली में विराट कोहली का घर भी है। ऐसे में अब विराट अपनी जिंदगी के इतने बड़े फैसले के बाद अपने घर पहुंचे हैं। जहां वो अपने घरवालों के साथ इस समय को व्यतीत करेंगे। एयरपोर्ट पर अनुष्का और विराट बेहद सादगी भरे अंदाज में नजर आए। अनुष्का ने कैजुअल लुक में हर किसी का ध्यान खींचा, वहीं विराट भी व्हाइट शर्ट-पैंट और व्हाइट शूज में काफी अच्छे लग रहे थे। दोनों के चेहरे पर मुस्कान थी।



### टेस्ट में शानदार रिकॉर्ड

विराट ने अपने टेस्ट करियर के दौरान न सिर्फ रिकॉर्ड्स तोड़े, बल्कि क्रिकेट को एक नई पहचान भी दी। टेस्ट क्रिकेट में उनकी 9000 से ज्यादा रनों की उपलब्धि और विदेशों में मिली ऐतिहासिक जीतों को भुलाया नहीं जा सकता।



# 5 दिन के अंदर कोहली-रोहित का टेस्ट से संन्यास

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पांच दिन के भीतर भारत के दो सुपर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा?

### यह ले सकते हैं कोहली की जगह?

विराट कोहली ने आज अपने इंस्टा हैंडल पर टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया। वे टीम में नंबर-4 पर बैटिंग करते हैं और स्क्वॉड के सबसे अनुभवी मेंबर हैं। उनके जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं।

**श्रेयस अय्यर** – भारत से तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर-1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं।

**रजत पाटीदार** – इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। तब विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे। हालांकि, पाटीदार 3 मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वॉड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं।

**सरफराज खान** – भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं।

# भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू की

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। रविवार शाम को टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की। हालांकि,आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है।

**9 मई को आईपीएल को रोक दिया गया था** – भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था।

### 16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल, 9 मई को रोक दिया गया था



**गुजरात पॉइंट्स टेबल में टॉप पर** –आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पॉइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण जीटी टॉप पर रही।

### आईपीएल 2025 जीतने की दावेदार

गुजरात टाइटंस शुरुआत से ही आईपीएल 2025 को जीतने की बड़ी दावेदार रही है। अभी इस टीम के 3 खिलाड़ी ऑरेंज कैप की रेस में हैं। साई सुदर्शन (509 रन), शुभमन गिल (508) और जोस बटलर (500 रन) बना चुके हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप भी फिलहाल गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी के पास है। गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 20 विकेट लेने के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के अभी 3 मैच बाकी हैं और वह टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर सकती है

### आईपीएल 16 मई से शुरू हो सकता है

- आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेड्यूल जल्द जारी होगा।
- बीसीसीआई के एक अधिकारी ने मीडिया से कहा- लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी।
- वहीं, मीडिया ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेड्यूल में प्लेऑफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था।